दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 170
कोटद्वार मंगलवार
17 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## छोलिया और झौडा लोक नृतकों की प्रस्तुति को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में मिला स्थान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 अक्टूबर को देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर उत्तराखण्ड के छोलिया और झौडा लोक नृतकों की ढोल दमाऊँ लोक वाद्यों के साथ प्रस्तुति को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में स्थान प्राप्त हुआ है।

यह जानकारी देते हुये निदेशक संस्कृति विभाग द्वारा बताया गया है कि सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में समुद्र तल से 5338 फीट (1627) मीटर की आश्चर्यजनक ऊंचाई पर एक अनोखा और ऐतिहासिक कार्यक्रम संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित किया गया। उत्तराखण्ड के इतिहास में पहला कार्यक्रम था, जिसमें जनपद पिथौरागढ़ के सुदूरवर्ती अंचलों से छोलिया एवं झौड़ा नृत्यक दल के लगभग 3000 लोक कलाकारों द्वारा अपनी पारम्परिक वेश-भूषा एवं लोक गीतों के माध्यम से विश्व का ध्यान उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक एवं समृद्धशाली लोक सांस्कृतिक विरासत की ओर आकर्षित किया हिमालय के हृदय सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में एक असाधारण एवं अभूतपूर्व घटना दुनिया को देखने को मिली।

उन्होंने कहा कि सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ सुदूरवर्ती अंचलों से लगभग 3000 की संख्या में पहुंचे छोलिया एवं झौड़ा नृत्य दलों के लोक कलाकार अपनी पारम्परिक परिधानों एवं आभूषणों से सुसज्जित होकर प्रतिभाग करने पहुंचे। इस दौरान लोक गीतों एवं पारम्परिक लोक वाद्यों की धुनों से पूरा पिथौरागढ़ क्षेत्र गुज्यमान हो उठा।

उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक सांस्कृतिक विरासत को देखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाव विभोर हो गये। जनपद पिथौरागढ़ अपने प्राकृतिक सौंदर्य एवं शान्त वातावरण के लिये ख्यतिलब्ध है। यहां हिमालय की ऊंचे-ऊंचे हिम शिखर एक सजग पहरी के भांति अडिग रहते हैं।

वहीं यह सीमान्त जनपद उत्तराखण्ड की छोलिया एवं झौड़ा लोक नृतक का सबसे बड़ा जमावड़े का केन्द्र रहा। उत्तराखण्ड के पारम्परिक लोक वाद्यों जैसे तुन, रणसिंघा, नागफनी, छोलिया ढाई व तलवार जैसे अन्य लोक वाद्य यन्त्रों ने पूरी घाटी को सुशोभित कर दिया।

निदेशक संस्कृति ने कहा कि जनपद पिथौरागढ़ के सीमान्त गांवों से आये हजारों लोक कलाकारों की जीवन्त एवं विविध संस्कृतियों उनकी साझा विरासत का जीवन्त परिचय इस कार्यक्रम में देखने को मिला। लोक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन कर लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया हिमालय पर्वत श्रृंखला की पृष्ठभूमि में आयोजित इस वृहद उत्सव ने इसे वास्तव में एक उल्लेखनीय और पहले कभी न देखा गया दृष्य बना दिया। इस कार्यक्रम में सीमान्त क्षेत्र की पारम्परिक एवं ऐतिहासिक लोक सांस्कृतिक विरासत की अदम्य भावना का प्रदर्शन किया गया लोक कलाकार अपनी पारम्परिक परिधानों एवं आभूषणों से सुसज्जित होकर प्रतिभाग करने पहुंचे। इस दौरान लोक गीत एवं पारम्परिक लोक वाद्यों की धुनों से पूरा पिथौरागढ़ क्षेत्र गुज्यमान हो उठा।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन का सफल क्रियान्वयन संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड एवं भारत सरकार की दूरदर्शिता और समर्पण का प्रमाण है, इतनी ऊंचाई पर लोक कलाकारों के इस विशाल जमावड़े से उत्तराखण्ड की अनूठी संस्कृति के



संरक्षण और संवर्द्धन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

इस ऐतिहासिक सभा में जहां उत्तराखण्ड की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत, लोक परम्पराओं एवं अदभूत प्राकृतिक सौंदर्य अद्वितीय ऊंचाई समुद्र तल से 5338 फीट (1627) मीटर पर ढोल दमाऊ एवं अन्य विभिन्न पारम्परिक वाद्यों एवं लोक संगीत पर प्रदर्शन करने वाले छोलिया और झौड़ा लोक नर्तकों द्वारा एकत्रित होकर एक विश्व रिकार्ड बनाया है, जो इतिहास के पन्नों पर एक ऐसे आयोजन के रूप में दर्ज किया जायेगा।

## कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची लोकतांत्रिक, भाजपा की ऊपर से नीचे थोपी हुई: कमलनाथ

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के एक दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की सूची लोकतांत्रिक है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ऊपर (केंद्रीय नेतृत्व) से नीचे थोपे गए हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 'कांग्रेस ने प्रत्याशियों की नहीं, मप्र के भविष्य-निर्माताओं की सूची जारी की है। सूची से जनता को सकारात्मक रूप से ये सूचित किया गया है कि जिनमें निःस्वार्थ भाव से जनसेवा का व्रत लेने का संकल्प है, उन्हें ही जनता का प्रतिनिधित्व करने के लिए आम जनता व कार्यकर्ताओं के कहने पर ये अवसर दिया गया है।'

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस की लिस्ट इस मायने में भाजपा से अलग है कि कांग्रेस की लिस्ट लोकतांत्रिक है क्योंकि ये संगठन के अंतिम पायदान तक के कार्यकर्ता की सलाह को सम्मान देते हुए बनी है। इसकी दिशा लोकतंत्र की मूल भावना के अनुरूप नीचे-से-ऊपर की ओर है, जबकि भाजपा की लिस्ट ऊपर-से-नीचे थोपी गई है। ये एकाधिकारिता के अहंकार से चुनाव लड़ने का आदेश है और भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का अपमान, इन अर्थों में भाजपा की सूची अलोकतांत्रिक है।'कांग्रेस के 144 प्रत्याशियों की सूची कल सुबह जारी की गई थी।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब, लोग दूषित हवा में सांस लेने को मजबूर

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई और सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 220 पर पहुंच गया। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) के आंकड़ों के अनुसार, पीएम 2.5 176 मध्यम श्रेणी पर रहा।सीपीसीबी के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 263 खराब श्रेणी में दर्ज किया गया, अलीपुर में यह 140 मध्यम श्रेणी में था, जबकि डीटीयू स्टेशन 407 पर गंभीर श्रेणी में था, जिसमें एनओ2 प्रमुख प्रदूषक था।

## खडग़े के आने से ईआरसीपी पूर्ण करने के संकल्प को मिलेगी नई शक्ति : गहलोत

**जयपुर ,(एजेंसी)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के आगमन से प्रदेश की महत्वपूर्ण पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को पूर्ण करने के संकल्प को नई शक्ति मिलेगी। गहलोत ने खडग़े के प्रदेश कांग्रेस के ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ के अवसर पर राजस्थान पहुंचने से पहले आज सुबह यह बात कही। उन्होंने कहा वीरों की धरती राजस्थान में खडग़े का सहृदय स्वागत है। आपके आगमन से हमारे ईआरसीपी पूर्ण करने के संकल्प को नई शक्ति प्राप्त होगी।उन्होंने कहामहत्वाकांक्षी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को पूर्ण करने के संकल्प के साथ आज बारां के डोल मेला मैदान में ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ करूंगा।

## मोदी अपनी जुबान पर नहीं चले: खडगे

**बारां ,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह संसद में कम बैठते है एवं राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए दौड़ते रहते हैं और अपनी जुबान पर नहीं चले हैं जबकि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनता से किया अपना वचन निभाया हैं।

खडग़े आज राजस्थान के बारां में कांग्रेस के पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देकर केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध सोमवार को ईआरसीपी जन जागरण अभियान की शुरुआत के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अभियान के साथ राजस्थान में कांग्रेस के चुनावी अभियान की शुरुआत भी हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने के लिए जयपुर सहित दो स्थानों पर अपनी जुबान दी, लेकिन उस पर चले नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस परियोजना के लिए पैसे देने का जनता से वादा किया लेकिन आज तक इस बारे में कोई पता नहीं है। राज्य की कांग्रेस सरकार कम से कम 25 हजार करोड़ रुपए खर्च करके इस परियोजना को आगे बढा रही है लेकिन श्री मोदी ने एक पैसा भी नहीं दिया है मगर वह बात बहुत करते हैं।

खडग़े ने आरोप लगाते हुए कहा कि श्री मोदी ने वादा किया था कि साल में दो करोड़ नौकरियां दी जायेगी, नौकरी नहीं मिली। पन्द्रह लाख रुपए लोगों की जेब डाले जायेंगे, कुछ नहीं दिया गया, यह केवल घोषणा मात्र ही रह गई।

## उत्तराखंड में महसूस हुए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 4.0 रही तीव्रता

**नैनीताल।** उत्तराखंड के सीमांत पिथौरागढ़ जिले में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप से किसी नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई है। भूकंप का केंन्द्र नेपाल माना जा रहा है। इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किमी नीचे रही है। इसलिये किसी जानमाल की आशंका नहीं है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेश महर ने बताया कि जिले में अभी तक किसी नुकसान की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इसका केन्द्र नेपाल रहा है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से नेपाल से सटे भूभाग में लगातार भूकंप के झटके महसूस किये जा रहे हैं। अभी तक इनका केन्द्र नेपाल ही रहा है।

## सीएम धामी पहुंचे दुबई, प्रवासी भारतीयों ने किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिसम्बर में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अधिक से अधिक निवेशकों की भागीदारी के लिये लंदन के बाद दुबई एवं अबू धाबी के भ्रमण पर है। सोमवार को दुबई एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुबई में रह रहे समस्त प्रवासी भारतीयों का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री 'इन्वेस्ट इन उत्तराखण्ड' अभियान के तहत संयुक्त अरब अमीरात में उद्योगपतियों एवं प्रवासी भारतीयों से मिलेंगे। उत्तराखण्ड में निवेश की संभावनाओं पर आयोजित बैठकों में भी मुख्यमंत्री प्रतिभाग



दुबई एयरपोर्ट का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते हुए प्रवासी भारतीय।

करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ ही योग, आध्यात्मिक की भी भूमि है। उत्तराखण्ड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी जड़े उत्तराखण्ड से जुड़ी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी उत्तराखण्डियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह साल में एक बार अपने प्रदेश उत्तराखण्ड जरूर आएं। इससे उनकी भावी पीढी को भी अपनी मातृभूमि से जुडने की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रवासी भाईयों ने अपनी प्रतिभा एवं मेहनत से स्वयं के साथ अपनी मातृभूमि का भी नाम रोशन किया है। यह हम सभी के लिये सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि अपने अप्रवासी भाई-बहनों और उत्तराखंड सरकार के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने तथा उनके निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में एक उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 40 हजार करोड के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं। हमारा लक्ष्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य है। बडी संख्या में उत्तराखण्ड के प्रति देश विदेश के उद्यमियों द्वारा की जा रही पहल से हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आशान्वित है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

## पहाडों में बर्फबारी, मैदानी इलाकों में झमाझम बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टबेंर्स) के कारण पूरे उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल चुका है। सोमवार सुबह हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड की ऊंची चोटियों पर मौसम की पहली बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश से ठंड ने दस्तक दे दी है। वहीं यूपी समेत अन्य राज्यों के कई जिलों में हुई बारिश से मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, इसकी वजह से पूरे क्षेत्र में बारिश और आंधी के आसार हैं। आने वाले दिनों में पर्वतीय क्षेत्रों के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो सकती है।



हिमाचल में लाहौल, कुल्लू, किन्नौर, धर्मशाला और चंबा की ऊंची चोटियां सफेद चादर से ढक गईं। शिमला के नारकंडा के पास हाटू पीक, सिरमौर के चूढ़धार और मंडी के शिकारी देवी में भी हिमपात हुआ। वहीं, उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर समेत केदारपुरी और बदरीनाथ धाम की चोटियों पर हिमपात हुआ, जबकि निचले क्षेत्रों जोशीमठ, गोपेश्वर, पोखरी, नंदानगर, पीपलकोटी में तेज हवा के साथ बारिश और कुछ जगह ओलावृष्टि भी हुई।

उत्तराखंड में मौसम विभाग केंद्र ने पर्वतीय जिलों में बारिश का ऑरेंज और मैदानी इलाकों में यलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सभी पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं बिजली चमकने और गजर्न के साथ बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने दिल्ली में हल्की बारिश होने या गरज के साथ छीटें पड़ने और आसमान में आंशिक बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 32 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है।

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ ही तेज गर्जना हो रही है। बारिश के बीच अचानक राजधानी देहरादून में अंधेरा छा गया। वाहनों को दिन में हेडलाइट जलानी पड़ी।

हिमाचल प्रदेश के उच्च पर्वतीय भागों में बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। रोहतांग सहित कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा, शिमला, मंडी व सिरमौर जिले की ऊंची चोटियां बर्फ से सफेद हो गई हैं। वहीं, अन्य क्षेत्रों में झमाझम बारिश दर्ज की गई है। राज्य में बारिश बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ग

हरियाणा के फतेहाबाद में सोमवार सुबह मौसम ने करवट बदली। पहले तेज आंधी और फिर गर्जना के साथ बिजली चमकती रही। कुछ ही देर में जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में 15 एमएम बारिश हुई। इससे जहां शहर में जलभराव हो गया। वहीं, अनाज मंडियों में खुले में रखी धान की फसल भी भीग गई। अभी भी खुले आसमान के नीचे 10 लाख क्विंटल से अधिक धान पड़ा है। उठान की बेहद धीमी गति के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है।

हल्द्वानी में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सोमवार दोपहर करीब 12: 30 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। यहां दिन में ही रात जैसा अंधेरा हो गया। मौसम में अचानक आये बदलाव से लोग सहम गए। ऑफिस में बैठे लोगों ने जब बाहर का नजारा देखा तो सभी चौक गए। जो जहां था वही ठहर गया। स्ट्रीट लाइटें दिन में ही जल गई। वाहनों की लाइट जल गई। दुकानों के शटर गिरने लगे।

## सुको ने 5 जजों की पीठ के समक्ष विचार को भेजा चुनावी बांड का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को चंदा से संबंधित 'चुनावी बांड' की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष विचार के लिए भेजने का सोमवार को फैसला किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह फैसला कई मामलों को बड़ी पीठ के समक्ष रखने के अनुरोध पर किया। पीठ ने कहा कि मामले के महत्व को देखते हुए संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत याचिकाओं के एक समूह को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जा सकता है।



मामले की सुनवाई पहले ही 31 अक्टूबर को तय की जा चुकी है। शीर्ष अदालत ने 10 अक्टूबर को कहा था कि मामले की अंतिम सुनवाई 31 अक्टूबर और जरुरत पड़ी , तो अगले दिन 01 नवंबर को भी की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी।

### लगातार तीसरी बार बेल्ट एंड रोड फोरम का बहिष्कार

## भारत की दो टूक- 'संप्रभुता' पर चीन से समझौता नहीं

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। भारत लगातार तीसरी बार इसका बहिष्कार करने के लिए तैयार है। विवादास्पद चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और देश की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर भारत ने कहा कि कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार को बीजिंग में सीपीईसी पर बात होगी। संप्रभुता के मुद्दों पर अपना रुख साफ करने के लिए भारत ने इसका बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छोटे देशों में बीजिंग की परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता पर भी भारत अपना रूख साफ करेगा। सीपीईसी पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। चीन की इस परियोजना को पाकिस्तान



के हित में माना जाता है।

खबरों के अनुसार, चीन दो दिवसीय बेल्ट एंड रोड फोरम फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (बीआरएफआईसी) का आयोजन कर रहा है। चीन की आलोचना का प्रमुख बिंदु है कि अस्थिर परियोजनाओं के लिए अरबों डॉलर का ऋण दिया गया। अब ये लोन श्रीलंका जैसे छोटे देशों के लिए कर्ज का जाल बन गया है। श्रीलंका जैसे देश गहरे आर्थिक संकट में फंस गए हैं।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पसंदीदा परियोजना- बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के 10 साल पूरे हो रहे हैं। चीन 2017 और 2019 में अपनी मेगा वैश्विक बुनियादी ढांचा पहल के लिए दो अंतरराष्ट्रीय मंचों का आयोजन कर चुका है। भारत दोनों बैठकों से दूर रहा था। ताजा घटनाक्रम में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले दो बीआरआई सम्मेलनों की तरह भारत इस साल की बैठक में भी हिस्सा नहीं लेगा।भारत बीआरआई की अपनी आलोचना पर कायम है। भारत का कहना है कि देश की संप्रभुता संबंधी चिंताओं को दरकिनार करते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के माध्यम से सीपीईसी बनाया जा रहा है। इसकी लागत 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारत अपनी आलोचना में इस बिंदु पर भी मुखर है कि बीआरआई परियोजनाएं सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय मानदंडों, सुशासन और कानून के शासन पर आधारित होनी चाहिए। खुलेपन, पारदर्शिता और वित्तीय स्थिरता के सिद्धांतों का पालन होना चाहिए।चीनी उप विदेश मंत्री मा झाओक्सू ने सम्मेलन से पहले शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया, "बीआरएफआईसी इस साल चीन द्वारा आयोजित सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक कार्यक्रम है। ये बेल्ट एंड रोड पहल की 10वीं वर्षगांठ के लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है।"विदेश मंत्री मा ने कहा, अब तक, 140 से अधिक देशों और 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों, जिनमें राज्य के नेता, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख, मंत्रिस्तरीय अधिकारी और व्यापार क्षेत्र, शिक्षा और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

## नूंह हिंसा मामले में मोनू मानेसर को मिली जमानत

**नूंह, एजेंसी।** कोर्ट ने नूंह हिंसा मामले में मोनू मानेसर को सोमवार को जमानत दे दी है। मोनू मानेसर के वकील एलएन पाराशर ने करीब एक सप्ताह पहले नूंह कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसकी सुनवाई चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अमित वर्मा की अदालत ने करते हुए 3:30 बजे जमानत का फैसला सुनाया। जानकारी के अनुसार, मोनू मानेसर ने 26 को अगस्त भड़काऊ पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली थी। इस संदर्भ में नूंह साइबर क्राइम थाना पुलिस ने 26 अगस्त को केस दर्ज किया था। वहीं, पुलिस ने 12 सितंबर को मोनू मानेसर को सेक्टर-1 मानेसर से गिरफ्तार किया था।

# डीएम ने जनता मिलन कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सात शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने कहा कि जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी उसका त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनता मिलन/जन संवाद कार्यक्रम में ग्राम तूना से पहुंची सरोज देवी ने जिलाधिकारी से विधवा पेंशन एवं आवास उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। नौगांव निवासी नवीन सिंह ने लंबे समय से अनुरोध के बाद भी पेयजल कनेक्शन न लगने की शिकायत करते हुए पेयजल कनेक्शन लगवाने की मांग की। उद्योग व्यापार मंडल रूद्रप्रयाग ने तूना-बौंठा मोटर मार्ग एवं रैंतोली से सुमेरपुर मोटर मार्ग की मरम्मत और नालियों की सफाई की मांग की। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे से सड़क की स्थिति खराब है, जिसके चलते कई दुर्घटनाएं हो चुकी है एवं बड़ी घटनाओं का डर बना रहता है। वहीं रुद्रप्रयाग बाजार में सार्वजनिक शौचालय की मांग भी व्यापारियों ने उठाई। डिंगणी निवासी कमल सिंह ने गांव में सड़क निर्माण का अनुरोध किया। कहा कि स्वतंत्रता सेनानी रहे महिताब सिंह उन्हीं के गांव से हैं और उनके गांव में विभिन्न कारणों से आज तक सड़क नहीं पहुंची। उन्होंने संबंधित विभागों से जल्द सर्वे करवाने एवं सड़क निर्माण की कार्यवाही करने की मांग की। पाबौ निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके गांव में सड़क निर्माण के दौरान हुई ब्लास्टिंग से उनकी गौशाला की छत क्षतिग्रस्त हो गई है वहीं गांव के दो पैदल मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने गौशाला की छत एवं दोनों मार्गों की मरम्मत की मांग जिलाधिकारी से की। जिलाधिकारी ने बेलनी पुल को भारी वाहनों की आवाजाही सुचारू करने के लिए पुल की मरम्मत कार्य एवं फुटब्रिज बनाने के लिए प्रस्ताव दस दिन के भीतर अधिशासी अभियंता लोनिवि को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेलनी पुल की स्थिति वर्तमान समय में ठीक नहीं है, जिस कारण उसपर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई है, जिस कारण नगर में जाम की स्थिति बनी है तथा क्षेत्रीय जनता एवं तीर्थ यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस को ध्यान में रखते हुए पुल का मरम्मत कार्य त्वरित गति से किया जाना नितांत आवश्यक है जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि नगर एवं पंचायत क्षेत्रांगत बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था हो तथा नगर की सुंदरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों एवं व्यू प्वांइटों पर पेटिंग, धार्मिक स्थल एवं ऐपण बनाने के लिए जो भी धनराशि व्यय होनी है इस संबंध में प्रस्ताव तीन दिन के भीतर उपलब्ध करवाए जाएं।

# डेंगू कंट्रोल रूम से 896 लोगों तक पहुँचाई गई प्लेटलेट्स



देहरादून। ज़िलाधिकारी सोनिका के निर्देशों से शहर में बढ़ते डेंगू के कहर से लड़ने के लिए डीआईसीसीसी में डेंगू कंट्रोल रुम बनाया गया । स्मार्ट सिटी की जिलाधिकारी/ सी0ई0ओ0 के निर्देश पर आईटीडीए में कंट्रोलरूम तैयार किया गया । जहां से जनमानस के लिए दिन–रात ( 247) सुविधा मुहैया करवायी जा रही है। डेंगू से सम्बन्धित किसी भी शिकायत टैस्ट, बैड, प्लेटलेटस, लैब, चिकित्सकीय परामर्श आदि के लिए स्मार्ट सिटी के टोलफ्री नम्बर 18001802525 पर कॉल की जा सकती है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में कंट्रोलरूम में यूसेक, आयुष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से चिकित्सक और स्टाफ और नगर निगम से लोग तैनात किए गए। कंट्रोल रूम में डेंगू बचाव कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। कंट्रोल रूम में प्लेटलेट्स, फॉगिंग, ब्लड आदि से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रहे हैं। जिनका मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। यहां पीड़ितों की काउंसलिंग परामर्श हेतु कॉल प्राप्त हो रही है। स्मार्ट सिटी की सी0ई0ओ0 द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कंट्रोलरूम में प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी समन्वय कर कार्रवाई करें। सबसे ज्यादा परेशानी कंट्रोल रूम में कॉलर द्वारा प्लेटलेट्स की आवश्यकता को लेकर सामने आ रही है।

## एक नजर

### निगम ने टैंट कारोबारी का सामान जब्त किया

ऋषिकेश। संयुक्त यात्रा बस अड्डा रोड पर निगम की जमीन पर टैंट का सामान रख कारोबार शुरू करना एक व्यवसायी को भारी पड़ गया। शिकायत मिलने पर निगम की टीम ने टैंट कारोबारी की दर्जनों कुर्सियां, टेबल और लोहे के फ्रेम जब्त कर लिए। इस दौरान कारोबारी को 10 हजार रुपये का चालान भी किया गया।

सोमवार को नगर निगम की टीम बस अड्डा रोड पर पहुंची। यहां कूड़ा कलेक्शन के लिए यूज होने वाले स्थान पर टैंट कारोबारी नीरज अग्रवाल का सामान रखा मिला, जिस पर फौरन निगम की ट्रैक्टर–ट्राली को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद निगम कर्मचारियों ने कई दर्जन कुर्सियां व अन्य सामान जब्त कर लिया। सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट ने बताया कि संबंधित स्थान को कुछ समय पहले ही निगम ने सौंदर्यीकरण किया था। कुछ दिनों से यहां टैंट कारोबारी के सामान रखने की सूचना मिल रही थी, जिस पर चालान की कार्रवाई कर फिलहाल सामान जब्त कर लिया गया है। दोबारा ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### पेंशनरों की समस्याओं को दूर करे सरकार

ऋषिकेश। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर संगठन ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने सीएम से राजकीय पेंशनरों की समस्याओं को दूर करने की मांग की। सोमवार को सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर संगठन ने डोईवाला की एसडीएम अर्पणा ढौंढियाल के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। संगठन सदस्यों ने कहा कि पेंशनरों को विभिन्न प्रकार की समस्याएं आ रही है। गोल्डन कार्ड में ओपीडी सुविधा निशुल्क की जाए तथा पेंशनरों की 50 प्रतिशत की कटौती और पारिवारिक पेंशन की 30 प्रतिशत की कटौती की जाए। सरकार द्वारा सेवारत कर्मचारियों के बराबर ही पेंशनरों की पेंशन से भी कटौती की जी रही है,

जो सरासर अन्याय है। ज्ञापन देने वाले में सोहन सिंह नेगी, धर्म सिंह कृषाली, चतर सिंह पुंडीर, धीरेंद्र कृषाली, देवी सिंह, मोहन सिंह बिष्ट, श्याम प्रकाश पोखरियाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह सोलंकी, लाभ सिंह डोगरा, वासुदेव, राजेंद्र सिंह रावत, अजय पाल सिंह, चतर सिंह मनवाल, जगबीर सिंह, नंदलाल बहुगुणा,जितेंद्र सिंह राठौड़, राजपाल सिंह नेगी, आदित्य आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षकों ने मांगों को लेकर सीईओ कार्यालय में दिया धरना

रूद्रप्रयाग : पदोन्नति वेतन विसंगति दूर करने सहित अनेक मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ ने जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देकर विरोध दर्ज किया। साथ ही सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राजकीय शिक्षक संघ जनपद इकाई द्वारा धरना दिया गया।

# बारिश से रानीपोखरी और डोईवाला में किसानों की परेशानी बढ़ी

ऋषिकेश। रानीपोखरी क्षेत्र में सोमवार सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। जिससे डोईवाला सहित आसपास के इलाकों में कंपकंपाती ठंड भी शुरू हो गई। इसके साथ ही बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज हवा चलने से धान और गन्ने की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इन दिनों धान की कटाई का सीजन चल रहा है जो फसल कटकर खेतों में है, उन फसलों के लिए इस बारिश से बड़ा नुकसान हुआ है। इसके साथ ही तेज हवाओं की वजह से धान और गन्ने की तैयार फसल भी गिर चुकी है, जिससे गन्ने के वजन में कमी आएगी। ऐसे में बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। किसान नेता उम्मेद बोरा ने कहा कि गेहूं के सीजन के दौरान भी किसानों की पकी पकाई फसलें बारिश की वजह से तबाह हो गई थी और अब धान व गन्ने की फसल भी बे मौसम बारिश की भेंट चढ़ गई है। ऐसे में किसानों को अब अपनी फसलों का उचित दाम नहीं मिल पाएगा। साथ ही उसके वजन में भी भारी कमी आएगी जो कि किसानों के लिए बड़ा नुकसान है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक गेहूं की फसलों का मुआवजा किसानों को नहीं मिल पाया है ।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशाओं को नवाजा

विकासनगर। हंस फाउंडेशन के सौजन्य से माता मंगला के जन्मोत्सव के सुअवसर पर मंदिर समिति हनोल ने तहसील क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और आशाओं को सम्मानित किया। हंस फाउंडेशन ने त्यूणी तहसील में कोविड काल के दौरान सराहनीय कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशाओं को मन्दिर परिसर सराय में सम्मानित किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रभारी तहसीलदार ग्यार दत्त जोशी ने मंदिर समिति सचिव मोहनलाल सेमवाल और वरिष्ठ सदस्य राजा राम शर्मा ने चकराता ब्लाक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अध्यक्ष रविता चौहान को सम्मानित किया।

# फरियादियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए चक्कर न कटवाएं : डीएम

नई टिहरी : जनता दरबार में डीएम मयूर दीक्षित ने 29 फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम लोगों की समस्याओं का निस्तारण विभागीय स्तर पर किया जाय। समस्याओं के निदान के उच्चाधिकारियों के चक्कर फरियादियों को न लगाने पड़ें।

सोमवार को जनता दरबार का आयोजन जिला सभागार में किया गया। जिसमें डीएम दीक्षित ने आम लोगों की शिकायतों को सुना। क्षेत्र पंचायत सदस्य क्वींडांग भिलंगना के राजेन्द्र सिंह रावत ने शिकायत करते हुए बताया कि घनसाली तिलवाड़ा मोटरमार्ग के मुयालगांव-मजियाडी के मध्य चामी गदेरे में पुलिया निर्माण किया जाय। जिस पर डीएम ने ईई पीएमजीएसवाई-प्रथम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम दिखोल गांव चम्बा के अरविन्द सिंह रावत ने कहा कि उनकी माता रिखला देवी के मकान को राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण को अधिग्रहित किया गया है। जिसका आज तक प्रतिकर नहीं मिला। प्रतिकर न मिलने की जांच एडीएम को करने के निर्देश दिए। रानीचौरी की प्रिंयका ने बताया कि रानीचौरी वानिकी कॉलेज के समीप उनके द्वारा 2022 में भूमि लीज पर ली गई, किन्तु कुछ दिनों पहले उन्हें अवगत कराया गया कि उक्त भूमि सिविल लाईन की है। इस शिकायत पर डीएम न एसडीएम टिहरी को रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने को कहा। ग्राम खाण्ड बिडकोट तहसील कण्डीसौड़ के किशोरी लाल ने टिहरी बांध निर्माण में अधिग्रहित भूमि के शेष भुगतान एवं आवासीय भवन के प्रतिकर की मांग की। ग्राम-तुलयाड़ा तहसील चिन्यालीसौड़ की रजमा देवी व राकेश कुमार ने कृषि भूखण्ड आंवटित करने की मांग की। जिस पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता पुनर्वास को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विश्व हिन्दु परिषद के कार्यकर्ताओं ने फ्लोटिंग हट्स होटल संचालाकों द्वारा सीवर व अन्य गन्दगी नदी में डालने की शिकायती पत्र देकर डीएम से की। जिस पर कार्यवाही का भरोसा डीएम ने दिया। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, डीएफओ पुनीत तोमर, सीईओ एसपी सेमवाल, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, ईई पुनर्वास धीरेन्द्र नेगी, ईई लोनिवि जेएस खाती, सहायक निदेशक दुग्ध प्रेम लाल एवं सहायक निदेशक मत्स्य गरीमा मिश्रा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एनीमिया नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम का शुभारंभ



विकासनगर।स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसायटी और उत्तराखंड जलविद्युत निगम की ओर से एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम जनजातीय बहुल ग्रामों में शुरू किया गया है। सोमवार को तिपरपुर गांव में कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान बिजेंद्र सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के तहत घर–घर भ्रमण कर छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों और सभी आयु वर्ग की महिलाओं का निशुल्क हिमोग्लोबिन टेस्ट किया जाएगा। जिसमें एनीमिक पाए जाने पर छह माह तक आयरन, विटामिन सी की दवाइयां निशुल्क वितरित की जाएंगी। वहीं छह माह में एक बार कृमिनाशक दवा भी दी जाएगी। लाभार्थियों को पोषाहार एवं स्वच्छता संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में अजय सिंह, सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल, स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय की सीनियर सोनोलॉजिस्ट, एसवीएचएम सोसायटी की सीनियर एग्जीक्यूटिव मेंबर डॉ. ताराश्री सिंघल, वरिष्ठ फिजिशियन एवं एनीमिया कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ. दीपक सिन्हा, स्वाति नायर, सुरेश कुमार, उषा, संगीता और वनवासी कल्याण आश्रम की संचालिकाएं उपस्थित थी।

### कार्यवृत्त जारी नहीं, आज धरना देंगे सिंचाई कर्मचारी

देहरादून। 21 सूत्री मांगों को लेकर सिंचाई कर्मचारी मंगलवार को यमुना कालोनी स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय पर धरना देंगे। नौ अक्टूबर को सिंचाई सचिव हरिचंद सेमवाल के साथ हुई वार्ता का कार्यवृत्त अब तक जारी न होने से भी कर्मचारियों में रोष है।

सिंचाई कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और महामंत्री राकेश रावत ने कहा कि पिछले काफी समय से कर्मचारी अपनी मांगों को उठा रहे हैं। लेकिन सुनवाई नहीं की जा रही है।

कर्मचारियों ने सिंचाई सचिव को साफ कहा था कि कार्यवृत्त जल्द से जल्द जारी कर दिया जाए। इससे समय रहते उसका अध्ययन करने के बाद आंदोलन पर निर्णय जाता।

# उत्तराखंड में छात्र संघ चुनाव पांच नवंबर तक

देहरादून। राज्य सरकारी विश्वविद्यालय और डिग्री कालेजों में पांच नवंबर तक छात्र संघ चुनाव कराए जाएंगे। सोमवार को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी विवि के कुलपतियों और उच्च शिक्षा निदेशक को तैयारियां करने के निर्देश दिए। पूरे प्रदेश में चुनाव के एक ही दिन कराया जाएगा।बकौल मंत्री, चुनाव में लिंगदोह समिति की सिफारिशों को लागू किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के सत्र को नियमित करने के लिये सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इसके तहत एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम, एक चुनाव व एक दीक्षांत शामिल है। एक ही दिन चुनाव होने से पढ़ाई में अनावश्यक व्यवधान नहीं पड़ेगा।

**लिंगदोह समिति की सिफारिशों का उल्लंघन**

छात्र संघ चुनाव में सरकार ने लिंगदोह समिति की सिफारिशों को लागू करने का निर्णय किया है। लेकिन इसका तो उल्लंघन शुरू हो चुका है। समिति की सिफारिश के अनुसार कोई भी प्रत्याशी चुनाव प्रचार पर पांच हजार रुपये तक खर्च कर सकता है। साथ ही चुनाव प्रचार केवल कालेज परिसर में होगी। लेकिन देहरादून में ही छात्र चुनाव की तैयारियां कर रहे छात्रों ने कालेज से बाहर पूरे शहर में अपने पंपलेट–पोस्टर चस्पा किए हुए हैं। मालूम हो कि लिंगदोह समिति की सिफारिश के अनुसार कोई भी छात्र छात्रसंघ पदाधिकारी का चुनाव केवल एक बार व कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव दो बार लड़ सकता है।

# शिक्षकों–छात्रों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई

विकासनगर। बाल विवाह के खिलाफ एक अहम कदम के तौर पर समर्पण संस्था की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज बरोटीवाला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शिक्षकों और छात्र–छात्राओं को शपथ दिलाई। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा और देखभाल से जुड़े सभी हितधारकों ने बच्चों को बाल विवाह से बचाने और उनके अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण का वादा किया। इस मौके पर राइंका बरोटीवाला के प्रधानाचार्य रघुराज सिंह ने कहा हम हर बच्चे की सुरक्षा चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर बच्चा न सिर्फ सुरक्षित रहे बल्कि उसे उसके वाजिब अधिकार भी मिलें। शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े बच्चों के कई अधिकार हैं। एक जिम्मेदार संस्थान के तौर पर हम उनके इन अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि जिले का हर बच्चा स्वस्थ एवं सुरक्षित रहे और यह बाल विवाह से पूरी तरह मुक्त जिला बने, हम अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं रखेंगे। समर्पण संस्था के परियोजना प्रबंधक शांति प्रसाद पोखरियाल ने बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत के विषय में जानकारी दी।

### बारिश से पछुवादून के मैदानी क्षेत्रों में ठंड ने दी दस्तक

विकासनगर। बारिश और ओलावृष्टि से पछुवादून के मैदानी इलाकों के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों पर हुई बर्फबारी से सर्द हवाओं का दौर भी शुरू हो गया है। लगातार हो रही रिमझिम बारिश से अब सर्दी ने दस्तक दे दी है।

ठंडक के कारण सरकारी दफ्तरों में भी कर्मचारी हीटर का सहारा लेते हुए दिखाई दिए। सोमवार सुबह जब लोग उठे तो आसमान में घनी काली घटाएं छाई हुई थीं। सुबह सात बजे से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। उसके बाद दिनभर रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा।

# उत्तराखण्ड के 51 सीमान्त ग्रामों का विलेज एक्शन प्लान 23 अक्टूबर तक भारत सरकार को भेजा जाएगा



देहरादून। अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी ने वर्चुअल माध्यम से गृह सचिव भारत सरकार अजय कुमार भल्ला की अध्यक्षता में भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना ह्यह्यवाइब्रेंट विलेज प्रोग्रामह्व्ह्व की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। इस बैठक में चार राज्यों तथा समस्त केन्द्रीय मंत्रालयों ने प्रतिभाग किया। बैठक में गृह सचिव ने उत्तराखण्ड राज्य को 51 सीमान्त ग्रामों का विलेज एक्शन प्लान अति शीघ्र बनाकर भारत सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह विभाग उत्तराखण्ड राधा रतूड़ी ने जानकारी दी कि विलेज एक्शन प्लान 23 अक्टूबर तक प्रेषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने भारत सरकार से अनुरोध किया कि राज्य सरकार को भी वीवीपी (वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम) के पोर्टल को देखने का अधिकार दिया जाए ताकि शीघ्र अनुपालन हो सके। एसीएस ने आग्रह किया कि चीन सीमा पर स्थित ग्रामों से आईटीबीपी एवं आर्मी द्वारा लोकल प्रोक्योरमेंट किया जाए इससे आजीविका के साधन बढ़ेगें एवं पलायन को रोका जा सकेगा।

# उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाओं को कम करना बड़ी चुनौती: राज्यपाल

ऋषिकेश। राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने आम लोगों को आघात चिकित्सा के प्रति जागरूक करने की पहल को एम्स ऋषिकेश की दूरदर्शी सोच बताया।

उन्होंने कहा कि ट्रामा और हेल्थ मैनेजमेंट के क्षेत्र में एम्स ऋषिकेश बेहतर भूमिका निभा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजनों को उन्होंने निरन्तर जारी रखने की बात कही। सोमवार को एम्स ऋषिकेश के सप्ताह व्यापी ट्रामा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि किसी भी दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को बचाने के लिए शुरुआती एक घंटे का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल व्यक्ति को यदि समय रहते इलाज मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड तीर्थाटन और पर्यटन के लिए विशेष पहचान रखता है। प्रतिवर्ष लाखों लोग यहां सड़क मार्ग से यात्रा करने आते हैं। ऐसे में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम करना एक



बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। कहा कि एम्स की ड्रोन टेक्नोलॉजी, टेलीमेडिसिन सुविधा और हेली एम्बुलेंस सेवा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल है।

इससे पूर्व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अमेरिका की रटगर यूनिवर्सिटी के ट्रामा विभागाध्यक्ष प्रो. मयूर नारायण ने एम्स ऋषिकेश के ट्रामा सेंटर को चिकित्सा सुविधा की दृष्टि से समूचे राज्य के लिए वरदान बताया। कहा कि ऋषिकेश स्थित एम्स देश का पहला एम्स है, जहां दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को हेली एम्बुलेंस के माध्यम से बहुत ही कम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सकता है। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में अधिकतर मौतें सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती हैं। ऐसे में एम्स का प्रयास है कि इस प्रकार के आयोजनों से अधिक से अधिक लोगों को ट्रामा के प्रति सजग और जागरूक किया जाए। ट्रामा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कमर आजम ने सप्ताह भर तक संचालित ट्रामा रथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि ट्रामा विभाग आर्टिफिशियल लिम्ब सेंटर शुरू करने की योजना पर कार्य कर रहा है। स्पाइन इंज्यूरी के रोगियों के लिए एम्स में एक रिहैविलेटेशन सेंटर खोलना भी जरूरी है।

इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजन सचिव और ट्रामा सर्जन डॉ. मधुर उनियाल ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त प्रत्येक घायल व्यक्ति का जीवन बचाना ही एम्स के ट्रामा विभाग का उद्देश्य है। विभाग ने एक वर्ष में जरूरतमंद 12 हजार लोगों को टेली हेल्पलाइन नम्बर से आघात चिकित्सा के मामले में चिकित्सीय परामर्श दिया है, जबकि 243 घायलों की जान बचाई गई।

## जीत सिंह पटवाल 16वीं बार बने जीएमओयू के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** जीत सिंह पटवाल को 16वीं बार जीएमओयू के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों ने जीएमओयू को बेहतर मुकाम पर पहुंचाने का संकल्प लिया।

जीएमओयू लि.के प्रधान कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लगातार 16वीं बार जीत सिंह पटवाल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। जीत सिंह पटवाल ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य कंपनी के हितों को लेकर कार्य करना है। इसके लिए वह कई योजनाएं भी तैयार कर रहे हैं।

इस मौके पर जीएमओयू लि. कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, अमरपाल सिंह नेगी, राकेश चंद्र डबराल, भाष्करानंद भारद्वाज, यशवंत सिंह, कुंवर सिंह रावत, हर्ष सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, विपिन सिंह, संजय कुमार बड़थ्वाल, अर्जुन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग खुलवाने को किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** क्षेत्रवासियों ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग नहीं खोले जाने पर प्रदर्शन किया। कहा कि जनता की लाख शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम मार्ग को वाहनों के लिए नहीं खोल रहा। आक्रोशित

**जल्द मार्ग नहीं खुलने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

क्षेत्रवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर जन आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समस्या के सबंध में क्षेत्रवासियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्र को राजधानी देहरादून से जोड़ने के लिए राज्य की सीमा के भीतर



कोटद्वार में उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते क्षेत्रवासी

एक मात्र सड़क लालढांग-चिलरखाल मार्ग है, लेकिन लंबे समय से इस सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे लोगों को यूपी के रास्ते राजधानी देहरादून आवाजाही करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पिछले सालों में बरसात के बाद मरम्मत कर सड़क को अक्टूबर माह में आवागमन के लिए खोल दिया जाता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ है। कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग नहीं बन पा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, बलबीर रावत, प्रवेश रावत, विजयपाल, पुष्कर जोशी, यशवंत, दीपक बौंठियाल, प्रदीप, लखन सिंह, अमित नेगी, कृपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# कैकई ने राम के लिए मांगा वनवास, भावुक हुए दर्शक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** श्री बाल रामलीला कमेटी की आरे से अयोजित रामलीला के चौथे दिन कैकई की ओर से राम के लिए वनवास मांगने का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला का यह मंचन देख दर्शक भावुक हो गए।

पुराना सिद्धबली मार्ग में आयोजित रामलीला में कोप भवन में रानी कैकेयी राजा दशरथ से प्रभु श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या की राजगद्दी सौंपने का वर मांगती है। राजा रघुकुल रीति का मान रखते हुए दिल पर पत्थर रखते हुए वचनों को पूरा करने का वादा करते हैं। साथ ही इस अप्रत्याशित घटना से आपा खो बैठते हैं। श्रीराम को जब पता चलता है कि माता कैकयी के कहने पर पिता ने उन्हें राज्याभिषेक के बजाए वन जाने का आदेश दिया है तो वे इस निर्णय को सहर्ष स्वीकार कर वन जाने की तैयारी करते हैं। माता सीता और लक्ष्मण भी प्रभु श्रीराम के संग जाने की जिद करते हैं। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह नेगी, नितिन गुप्ता, सोनू बछवाण, दिनेश शर्मा, मनोज अग्रवाल, दिनेश तड़ियाल, अन्नू नेगी, आशीष सतीजा, प्रेम प्रजापति आदि मौजूद रहे।



श्री बाल रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

# शहर में छाया अंधेरा, पूरे दिन चलती रही बारिश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में सोमवार सुबह अचानक बदले मौसम ने लोगों को ठंड का एहसास करवा दिया। पूरे दिन क्षेत्र में बारिश का दौर चलता रहा।

**सोमवार को बदले मौसम ने करवाया ठंड का एहसास**



कोटद्वार में बारिश से पूर्व छाया अंधेरा

बारिश से पूर्व इससे पूर्व क्षेत्र में अंधेरा छा गया था। साथ ही तेज हवाएं भी चलने लगी थी। बारिश के कारण कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति भी देखने को मिली। कई घंटे तक बिजली भी गुल रही।

सोमवार को सुबह से ही बारिश का मौसम बना हुआ था। सुबह साढ़े दस बजे क्षेत्र में अचानक अंधेरा छाया गया। वाहनों को भी हेडलाइट खोलकर आवाजाही करनी पड़ी। इसके बाद तेज बारिश शुरू हुई। करीब दो बजे तक चली तेज बारिश ने पूरे शहर को पानी–पानी कर दिया।

झंडाचौक चौराहे के साथ ही बदरीनाथ मार्ग, देवी रोड सहित अन्य स्थानों पर जल भराव की स्थिति देखने को मिली। जल भराव के कारण आमजन को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कई स्थानों पर नालियां चौक होने से सड़कों पर पानी बह रहा था।

दोपहर बाद पूरे दिन हल्की बारिश का दौर चलता था। शाम के समय बारिश थमने के बाद घरों से बाहर निकले बुजुर्ग व बच्चों ने ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लिया।

# 26 अक्टूबर को निगम में तालाबंदी करेगी कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति

**कोटद्वार :** शहरवासियों को आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलवाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति 26 अक्टूबर को कोटद्वार नगर निगम परिसर में तालाबंदी करेगी। समिति ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर जन आंदोलन चलाने की भी चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस संबंध में समिति के संयोजक नागेंद्र उनियाल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि कोटद्वार नगर निगम गठन से जनता को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम जन सस्याओं का गंभीरता से निराकरण नहीं कर रहा। कहा गया है कि नगर निगम का गठन कोटद्वार की जनता को स्वच्छ वातावरण, आवारा पशु मुक्त सड़कें व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए किया गया था। लेकिन नगर निगम वर्तमान में अपनी इन सब जिम्मेदारियों से मुंह मोड़े दिखाई दे रहा है। निगम क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है। ये पशु किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। शहर में खरीदारी करने वालों और व्यापारियों के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। शहर में अतिक्रमण को हटाने के बाद फुटपाथों का निर्माण किया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नही हुआ है। समिति ने कोटद्वार के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट व कूड़ा निस्तारण के लिए पूर्व की भांति बिजनौर बृक्षारोपण वन प्रभाग (अब उत्तर प्रदेश) से भूमि लीज पर लेने के लिए नगर निगम बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को भेजे, ताकि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से पूर्व की भांति लीज का नीवनीकरण करवा सके। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि समस्याओं पर सकारात्मक कार्रवाई न होने की स्थिति में समिति 26 अक्तूबर को नगर निगम मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी करेगी।

# वन व वन्य जीव सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते अतिथि।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** आधार शिला संस्था की ओर से प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को वन व वन्य जीव सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आधार शिला संस्था की ओर से जनता इंटर कालेज कालागढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डा. नंद किशोर ढौंडियाल ने विद्यार्थियों को वन व वन्य सुरक्षा की जानकारी दी।

कहा कि धरती पर भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा।

वन व वन्य जीव संरक्षण की परंपरा आदि काल से चली आ रही है। हमारे धर्म शास्त्रों में पशु, पक्षियों व जलीय जीवों को देवी-देवताओं के साथ जोड़ा गया है।

सहायक वन संरक्षण शालिनी जोशी ने वन संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी।

इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में शिवम ने प्रथम व शाहनाज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष नरेश चंद्र घिल्डियाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिक संगठन ने मनाया माता मंगला का जन्मदिन

**कोटद्वार :** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से हंस कल्चरल सेंटर की संस्थापक माता मंगला का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगठन की ओर से हवन यज्ञ कर माता मंगला की लंबी उम्र की कामना की गई। वक्ताओं ने माता मंगला के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके द्वारा सेंटर के माध्यम से किए जा रहे सामाजिक कार्यों का समाज का हर वर्गलाभ उठा रहा है। इस अवसर पर संगठन की ओर से निःशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप भी लगाया गया। कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष पीएल खंतवाल, रिपुदमन बिष्ट, विनोद नेगी, महेंद्र अग्रवाल, विजय लखेड़ा, आरपी सिंह, जयवीर सिंह और दिनेश चंद्र सहित संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# नागरिक मंच ने उठाई मांग, अतिक्रमण पर सख्ती दिखाएं नगर निगम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ बरती जा रही लापरवाही पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि नगर निगम अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहा है। जबकि, अतिक्रमण के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। नगर निगम को अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती दिखानी चाहिए।

समस्या को लेकर मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने नगर आयुक्त वैभव गुप्ता को ज्ञापन दिया। कहा कि उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण के खिलाफ शासन-प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हुए हैं। लेकिन, नगर निगम केवल एक दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के बाद गहरी नींद में सो गया। जबकि, अतिक्रमण के कारण शहर की सड़कें लगातार संकरी होती जा रही हैं। लकड़ीपड़ाव में निगम की 62 बीघा भूमि को खाली करवाने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गंगादत्त जोशी, स्टेशन रोड, मालिनी मार्केट में अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। जगह-जगह सड़क किनारे गैराज संचालित किए जा रहे हैं। मालवीय उद्यान में स्थित पार्क आकर्षण का केंद्र था। लेकिन, वर्तमान में नगर निगम ने उसे अपने वाहनों पार्किंग स्थल बना दिया है। मोटर मार्ग में आधुनिक बस अड्डा निर्माण के मामले में न्यायालय में पुख्ता पैरवी की जानी चाहिए। जनता की सुविधा के लिए नगर निगम को गंभीरता से कार्य करना होगा।

## नवरात्रि के दूसरे दिन थडया, चौफला की दी प्रस्तुति

**पौड़ी :** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोमवार को नवरात्रि के दूसरे दिन भजन, मांगल गीत, थडया चौफला प्रतियोगिता में नवदुर्गा कीर्तन मंडली घुड़दौड़ी, खोन, सिरवाण्यं, बुरांसी, द्वारखिल पितृ मोहल्ला, जागृति समिति ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम संयोजक अनुसुया प्रसाद सुंद्रियाल, अध्यक्ष नवीन जुयाल ने कहा कि हर एक व्यक्ति को मंच प्रदान करना, अपनी संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन करना समिति का उददेश्य है। इस मौके पर संरक्षक वीरेंद्र जुयाल, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिगंबर जुयाल, सतीश जुयाल, आचार्य नवीन आदि शामिल रहे।

# शिक्षकों ने दिया धरना, हड़ताल करने की दी चेतावनी

**पौड़ी :** राजकीय शिक्षक संघ ने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर धरना दिया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने जल्द ही उनकी मांग जल्द पूरी करने की मांग की। कहा कि जल्द ही मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान जिलामंत्री बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जल्द ही मांगें पूरी नहीं होने पर शिक्षक हड़ताल जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।

सोमवार को पौड़ी में शिक्षकों ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुसांई ने कहा कि बीती 4 अगस्त को संघ के पदाधिकारियों, शिक्षामंत्री व विभागीय अधिकारियों के बीच 35 सूत्रीय मांगों के हल को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन दो महीने बीतने के बाद एक भी मांग पर विचार व समाधान नहीं हो पाया है। जिसके चलते संघ को विवश होकर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। जिला संरक्षक जयदीप रावत ने कहा कि शिक्षकों की पदोन्नति जैसी मांग भी पिछले लंबे समय से पूरी नहीं हो पा रही है। इस मौके पर मनोज काला, राजेश भटट, आशीष खर्कवाल, रीना रावत, मेहरबान भंडारी, हरदीप रावत, भारत बुटोला, भवान सिंह नेगी, रघुराज चौहान, सत्येंद्र चमोली, पदमेंद्र रौथाण, रतन रावत, राकेश भारती, देवेंद्र बिष्ट, सुमन भट्ट, संजय रावत, सुखदेव रावत आदि शामिल रहे।

## 132वां रामलीला मंचन शुरू

**पौड़ी :** श्री रामलीला मंचन एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित रामलीला का 123वां मंचन शुरू हो गया। पहले दिन रामलीला गणेश वंदना से शुरू हुई। कैलाश पर्वत पर शिव पार्वती संवाद और रावण दरबार में शुक्राचार्य द्वारा राक्षसों को दुरोपदेश देकर ऋषि मुनियों को सताना, ऋषियों से कर लेना, अयोध्या में राजा दशरथ की सभा, सुमंत दशरथ वार्तालाप, पुत्रेष्ठी यज्ञ और राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न जन्म तक की लीला मंचित की गई। दशरथ सुमंत संवाद में दशरथ का गायन मेरे पुत्र नाहीं, पुत्र नाहीं, पुत्र नाहीं जी बड़ा मार्मिक रहा। मंच निर्देशन सुबोध रावत और सह निर्देशन हिमांशु चौहान कर रहे हैं। मंच संचालन वीरेंद्र खांकरियाल कर रहे हैं।

# अस्पताल में भर्ती मरीजों का विवरण पंजिका में करें दर्ज : महानिदेशक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह ने उप जिलाचिकित्सालय श्रीनगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भट्टीसेरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुघानी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में आयुष्मान कक्ष, गाइनी वार्ड, डेंगू वार्ड, पैथोलॉजी लैब, बाल रोग, प्रतिरक्षण कक्ष औषधि भंडार सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों द्वारा ओपीडी रजिस्टर में रोगियों की बीमारी व उन्हें दिए जा रहे उपचार को पंजिका में अंकित न करने पर नाराजगी जताते हुए समस्त चिकित्सकों को रोगी का केस व उपचार को पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दिये। इस



स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह चिकित्सालय में विवरण पंजीका का निरीक्षण करते हुए।

दौरान उन्होंने शौचालयों में साफ-सफाई सही नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित साफ-सफाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों व तीमारदारों से बातचीत करते हुए उनके स्वास्थ्य और चिकित्सा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय से बाहर निजी पैथोलॉजी लैब में रक्त जांच का चिकित्सालय में ही जांच करवाने को लेकर सख्त हिदायत दी है। उन्होंने विभाग द्वारा अनुबंधित चंदन लैब के साथ ही विभागीय लैब को रविवार को भी खुला रखने के निर्देश भी दिये। स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा पीएचसी भट्टीसेरा में निरीक्षण करते हुए ओपीडी टेलीमेडिसिन रजिस्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उपस्थित ग्रामीणों ने चिकित्सालय में पानी की व्यवस्था के साथ ही चिकित्सालय भवन के मरम्मत की बात कही। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को भवन की मरम्मत के साथ ही पेयजल व्यवस्था को दुरूरूथ करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचसी बुघानी का निरीक्षण करते हुए चिकित्सालय में टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं की जानकारी के साथ ही चिकित्सालय में बैठने, जरूरी व्यवस्थाओं सुधारे के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुंवर, सीएमएस डा. गोविंद पुजारी, डा. अजीत जौहरी, डा. लोकेश सलूजा सहित अन्य उपस्थित थे।

## छात्रों से नशे से दूर रहने की अपील

**पौड़ी :** पुलिस चौकी पाबौ टीम ने हंस फाउंडेशन द्वारा पाबौ महाविद्यालय में लगाए गए चिकित्सा शिवर में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के साथ ही उनसे नशे से दूर रहने की अपील की गई। पुलिस ने साइबर अपराध होने पर 1930, आपात सहायता के लिए डायल-112 पर सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि नशा युवाओं को भीतर से खोखला कर रहा है। नशे के प्रभाव में आकर युवा व किशोर अपराध की ओर कदम बढ़ा देते हैं। इससे न केवल उनका बल्कि उनके परिजनों का जीवन भी बर्बाद हो जाता है। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए साथ ही दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। इस दौरान महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों, गुड टच बैड टच के अंतर के बारे में, साइबर अपराध व सोशल मीडिया प्लेटफोर्म का इस्तेमाल करते समय बरती जानी वाली सावधानियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

# सड़क पर पलटा वाहन, तीन घायल, पुलिस ने किया रेस्क्यू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** पाबौ-पैठाणी रोड पर संतूधार के पास एक एंबुलेंस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने वाहन में सवार तीन घायलों को सकुशल रेस्क्यू करते हुए उनका उपचार करवाया। वाहन सुल्तानपुरी दिल्ली से पैठाणी आ रहा था।

अपर उपनिरीक्षक सोहनलाल ने बताया कि थाने में सूचना मिली कि संतूधार के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे व सड़क पर पलटे एंबुलेंस से तीनों घायलों का सकुशल रेस्क्यू किया। बताया कि मौके पर ही 108 आपातकालीन सेवा को बुलाकर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया।

एंबुलेंस के पलटने से सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया था, जिसे पुलिस टीम द्वारा सुचारु रूप से वाहनों की आवाजाही हेतु खोल दिया गया। दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस चालक ने बताया कि वह सुल्तानपुरी दिल्ली से आ रहे हैं और पैठाणी जा रहे थे।

रात्रि में पुलिस टीम द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही के लिए घायलों द्वारा पौड़ी पुलिस की प्रशंसा की गयी। बताया कि दुर्घटना में गजेन्द्र सिंह, 27 वर्ष निवासी सुलतानपुर दिल्ली, धन सिंह निवासी ग्राम चुठानी और संतोष निवासी ग्राम खण्डगांव थाना पैठाणी घायल हो गए। पुलिस टीम में आरक्षी अमित कुमार, होमगार्ड देवेंद्र कुमार शामिल थे।

# रामलीला में रावण ने बटोरी तालियां, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



अल्मोड़ा। श्री कर्नाटक खोला रामलीला कमेटी में रविवार को रामधुन और सरस्वती वंदना के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता उमेश बौनी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंजू राणा उपस्थित रही। रविवार प्रथम दिवस की रामलीला के मुख्य आकर्षण रावण, कुम्भकरण, विभीषण की तपस्या, देवों के देव महादेव से वरदान प्राप्त करना, नारद मुनि के कहने कर शिव के धाम कैलाश को लंका ले जाने का प्रयास करने पर शिव का क्रोधित होना, राजा दशरथ द्वारा किये गये यज्ञ के प्रताप से राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म, राजा जनक के हल चलाने से सीता जन्म, सुन्दर मंगलगीतों का गायन, देवगणों द्वारा स्तुति आदि प्रस्तुतियां दी गई। दशानन रावण के किरदार में वरिष्ठ रंगकर्मी बिट्टू कर्नाटक, कुम्भकरण के किरदार को सन्तोष जोशी, विभीषण के किरदार को भुवनेश काण्डपाल, नारद के किरदार को अमर बोरा, जनक के किरदार को अशोक बनकोटी, दशरथ के किरदार को अभिषेक नेगी ने निभाया। लता नैनवाल ने कौशल्या के रूप में, कैकेई के रूप में हिमांशी अधिकारी, सुमित्रा के रूप में मेघा काण्डपाल ने खूब तालियां बटोरी। रामजन्म पर रीता पाण्डेय, पारू उप्रेती,आशा मेहता, मीना भट्ट, रेखा जोशी ने मंगलगीत गाए। दशानन रावण के किरदार को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे। हल्की ठंड के बाबजूद दर्शक अपनी जगह पर डटे रहे।

## किसानों ने मांगा बर्बाद फसल का मुआवजा

पिथौरागढ़। डीडीहाट तहसील क्षेत्र के अस्कोट, ओगला,नारायण नगर,बेडा,गर्खा एवं भागीचौरा में अतिवृष्टि के कारण साग–सब्जी पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। बीते रविवार को हुई अतिवृष्टि से क्षेत्र के काश्तकारों की राई,पालक ,प्याज, मूली, चमसूर,मिर्च,धनिया एवं आलू की फसलों का नुकसान हुआ है। साग सब्जी के करोबार से कई काश्तकारों की आजीविका चल रही है।

ओलावृष्टि से हुए नुकसान के कारण किसानों के आगे आर्थिक संकट पैदा हो गया है। काश्तकारों ने कहा कि जंगली जानवरों के कारण पहले ही हमें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर ओलावृष्टि ने रही कही कसर पूरी कर दी है।

# न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय भूमि का पूजन हुआ



चम्पावत। चम्पावत न्यायालय में तैनात न्यायिक कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित आवासीय भूमि का पूजन किया गया। प्रस्तावित भूमि में टाइप–टू और टाइप–थ्री के 36 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें 10.67 करोड़ लागत आएगी।रविवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा ने जिला जजी के पास आवास निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। न्यायमूर्ति ने कहा कि आवास बनने के बाद न्यायिक कर्मचारियों को सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम संयोजक और सिविल जज हेमंत सिंह राणा ने न्यायमूर्ति को जानकारी देते हुए कहा कि प्रस्तावित भूमि पर टाइप–टू के 24 जबकि टाइप–थ्री के 12 यूनिट बनने हैं। जिसका शीघ्र कार्य शुरू किया जाएगा। डीएम नवनीत पांडेय ने कहा कि कार्यदायी संस्था से गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने को कहा जाएगा। इससे पहले चम्पावत पहुंचने पर जिला जज कहकशा खान ने न्यायमूर्ति का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला जज कहकशा खान, सीजेएम अरुण बोहरा, सिविल जज जहां आरा अंसारी, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम सौरभ असवाल, तहसीलदार ज्योति धपवाल, बार एसो. अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट, भास्कर मुरारी, रोहित बिष्ट आदि रहे।

# शिक्षाविद पांडे को 12वीं पुण्यतिथि पर किया याद



पिथौरागढ़। आदर्श प्राथमिक विद्यालय गुरना में शिक्षाविद हीराबल्लभ पांडे की 12वीं पुण्यतिथि धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों का मुख्य अतिथि वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ.महेश शर्मा ने दीप जला कर शुभारंभ किया।

उन्होंने विद्यालय के टॉपर रहे जयेश सौन, भावेश भट्ट, प्रज्ञा सामंत को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया।

आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को भी स्कूल बैग बांटे। इस मौके पर डॉ.शर्मा ने कहा कि ऐसे समाज हित के कार्यक्रम लगातार होने चाहिए, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के आयोजक जुगल किशोर ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से वे अपनी पिता की स्मृति में कार्यक्रम से क्षेत्र में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का मौका मिलता है।

## युवक गिरफ्तार

बागेश्वर। बागेश्वर जिले को नशामुक्त बनाने के पुलिस के अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। सोमवार को पुलिस ने डीडीहाट के एक युवक को पौने दो किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया। कपकोट के पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने बताया कि एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम रविवार की देर शाम कपकोट थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। चेकिंग के दौरान कपकोट–चेटाबगड़ नाचनी रोड पर बुड़राखेत को जाने वाले पैदल पुल के पास से 28 वर्षीय गोविंद सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी ग्राम बुढ काफल, थाना डीडीहाट के पास से 1.778 किलोग्राम चरस बरामद की है।

# डिग्री कॉलेज कपकोट के आवासीय भवनों को भू–कटाव से मिलेगी मुक्ति



बागेश्वर।राजकीय महाविद्यालय कपकोट के भवन व आवासीय भवनों को भू–कटाव से मुक्ति मिलेगी। सरकार ने आपदा बचाव व सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए 68 लाख रुपये मिल गए हैं। क्षेत्रीय विधयक सुरेश गड़िया ने इसके लिए भूमि पूजन किया। ग्राम पंचायत असों में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक गड़िया ने भूमि–पूजन किया और आवासी भवनों के भू–कटाव के लिए निर्माण के लिए शिलान्यास किया। विधायक गड़िया ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से सुरक्षा दीवार की मांग कर रहे थे। बारिश के दिनों में लोग दहशत में जीवन यापन करने को मजबूर रहते हैं। अब जल्द यहां सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। गड़िया ने कहा कि उनकी विधानसभा में एक साल से लगातार काम हो रहा है। उनका लक्ष्य अपनी विधानसभा को राज्य के अग्रणी विधानसभा में शामिल करना है। इसके लिए दिन–रात काम चल रहा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गोविंद सिंह दानू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम सिंह शाही, मंडल अध्यक्ष हरीश कोरंगा, प्रभा गड़िया, अधिशासी अभियंता जगत सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# बारिश से बिगड़ा मौसम का मिजाज, ठंड से ठिठुरे लोग



अल्मोड़ा। सुबह खिली धूप के बाद लगभग साढ़े दस बजे से मौसम ने करवट बदल ली। जहाँ पहले धूप थी वहीं उसकी जगह बादल आ गए। अल्मोड़ा में सुबह धूप के बाद मौसम का मिजाज बिगड़ गया और आसमान में बादलों के साथ सर्द हवाएं चलने लगी। दिन में ही अंधेरा छा गया। सोमवार को दोपहर बाद हुई बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया है। बदले मौसम के मिजाज के चलते ठंड बढ़ने से लोगों ने ठंड से बचने को अंगीठी का भी सहारा लिया। वहीं धुंध के कारण अंधेरा होने से वाहनों को दिन में हेडलाइट जलानी पड़ी। बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दोपहर से हुई बारिश से स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## दिवाली पर बिजली सुचारू रखें : ध्यानी

हल्द्वानी। पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) के प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी ने दिवाली पर्व के मौके पर बिजली आपूर्ति बनाए रखने को लेकर विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए हैं। अपने पिथौरागढ़ दौरे से लौटने के दौरान कुमाऊं के विभिन्न बिजली उपकेंद्रों का निरीक्षण किया।

प्रबंध निदेशक ने 400 केवी बिजली उपकेंद्र काशीपुर का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अफसरों को आपूर्ति सुचारू रखने को कहा।

# डीडीहाट में अल्मोडा अर्बन बैंक की शाखा का हुआ शुभारंभ



पिथौरागढ़। नगर में अल्मोडा अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक की नई शाखा खुल गई है। बैंक की 51वीं शाखा का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष सीए महेश चंद्र जोशी ने फीता काटकर विधिवत किया। सोमवार को यहां जोशी ने कहा कि बैंक की शाखा नगर में खुलने से जनता के साथ कर्मचारियों को लाभ होगा। उन्होंने बैंक की विभिन्न जमा योजनाओं भी लोगों को दी। विधायक विशन सिंह चुफाल ने बैंक की शाखा खुलने पर सभी को बधाई दी।कहा नगर व आस पास के लोगों को इसकी सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# मांगें पूरी नहीं होने से शिक्षकों में आक्रोश, सीईओ कार्यालय में दिया धरना




अल्मोड़ा। राजकीय शिक्षक संघ का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। आंदोलन के क्रम में सोमवार को राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना–प्रदर्शन किया। दो माह बाद भी शासनादेश जारी नहीं होने पर शिक्षकों ने प्रदेश सरकार ले खिलाफ नारेबाजी की।इस मौके पर आयोजित सभा में शिक्षकों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि विद्यालयों में प्रवक्ताओं, प्रधानाध्यापकों तथा प्रधानाचार्यों के पद वर्षों से रिक्त हैं। लेकिन छात्र हितों की बात करने वाली सरकार को इसकी परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षकों की कई मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन आज तक इनके शासनादेश जारी नहीं हो पाए हैं। जिससे विभाग की कार्य प्रणाली का पता चलता है। उन्होंने कहा की अब शिक्षक अपनी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे। मांगे पूरी होने तक आन्दोलन जारी रखेंगे। एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के मण्डलीय अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा ने धरना स्थल पर आकर शिक्षकों को अपना समर्थन दिया।

## इजरायल में रह रहे लोगों का प्रशासन को दें विवरण

बागेश्वर। अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने बताया कि जनपद के इजरायल में विभिन्न कार्यो यथा शिक्षा एवं व्यवसाय हेतु इजरायल में निवासरत हैं, वर्तमान में इजरायल में राजनितिक परिस्थितायों के दृष्टिगत इजरायल में निवासरत जनपद के निवासियों का विवरण यथा उनका नाम, जनपद में एवं इजरायल में पता, मोबाइल नंबर, ईमेल, पासपोर्ट नम्बर आदि उपलब्ध कराये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। एडीएम ने कहा कि जिले से इजरायल में गए अथवा निवासरत के संबंध में सूचना आपातकालीन नंबर 112 पर व पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, बागेश्वर, कपकोट, कांडा एवं गरूड़ कार्यालय में उपलब्ध कराएं। उन्होंने प्राप्त सूचनाओं को प्रतिदिन 10 बजे तक शासन के ईमेल आईडी में उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए है।

# लंबित मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना



बागेश्वर। लंबित मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ एक बार फिर मुखर हो गया है। अपनी मांगों के समर्थन में उन्होंने धरना दिया। यहां हुई सभा में जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। इस आशय का एक ज्ञापन शिक्षा मंत्री को भी भेजा है। संघ से जुड़े शिक्षक सीईओ कार्यालय में पहुंचे। यहां अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। वक्ताओं ने पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने, सहायक अध्यापक से प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति देने, शिक्षा संवर्ग नियमावली बनाकर शीघ्र घटना करने, पूर्व में देय यात्रावकाश दोबारा बहाल करने, 6400 का ग्रेड पे शिक्षकों को राजपत्रित घोषित करने आदि की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि वह पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलित हैं। अपनी मांगों को मनवाकर ही दम लेंगे। इस मौके पर गोपाल दत्त पंत, मोहन चंद्र जोशी, नूर अफजल,देवंद्र मेहता, ललित आदि मोजूद रहे।

# वैभवश्री केंद्र महिलाओं को मुफ्त उपलब्ध कराएगा सैनेट्री पैड




बागेश्व। सेवा भारती के प्रांतीय अधिकारियों ने प्रवास किया। यहां वैभवश्री केंद्र का उद्घाटन किया। सैनेट्री पैड बनाने की मशीन निश्शुल्क प्रदान की। सेवा भारती के प्रांत महिला अध्यक्ष सुनीता भट्ट ने कहा कि वैभवश्री केंद्र महिलाओं को मुफ्त सैनेट्री पैड उपलब्ध कराएगा। जिसके लिए आशा फुलारा और सरिता पपोला को प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रांत अध्यक्ष नरेंद्र पाल रावत और संरक्षक सुभाष चंद्र हंस ने बाल संस्कार केंद्रों से होने वाले लाभों से लोगों को अवगत कराया। प्रांतीय मंत्री रेखा गोस्वामी ने देहरादून से आए अधिकारियों को जिले में चल रहे कार्यों का विवरण दिया। जिले को सैनेट्री पैड मशीन देने पर आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष नीमा उपाध्यक्ष ने बताया कि यह मशीन महिलाओं के लिए रोजगार की दृष्टि से सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान जिला प्रचारक भरत, विजय वर्मा, अव्वल सिंह तोपाल, रमेश असवाल, इंदू चौधरी, भावना परिहार, प्रियंका पांडेय, दिया, अंजलि मनराल आदि उपस्थित थे।

## लोगों ने की वन विभाग से बंदरों को पकडने की मांग

पिथौरागढ़। क्षेत्र में इन दिनों बंदरों के आतंक से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आए दिन नगर में स्कूली बच्चे और बुजर्ग बंदरों के हमले से घायल हो रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ व्यापारी प्रकाश बोरा और सभासद बलवंत धानिक ने बताया कि बंदर लोगों के घरों में घुसकर फल, साग–सब्जी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों को काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग ने कुछ समय पूर्व कार्रवाई करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों से सौ बंदरों को पकड़ा लेकिन नगर में लगातार बढ़ रहे बंदरों की घटनाओं के संबंध में वन विभाग कोई सुध नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उनके हमले से किसी को भी कोई नुकसान होता है तो उसकी जवाबदेही वन विभाग की होगी।

# सोबन सिंह जीना मेडिकल संस्थान में बीसीएमई संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन



अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में मेडिकल शिक्षा में बुनियादी पाठ्यक्रम संकाय विकास कार्यक्रम सोमवार को शुभारम्भ हुआ। यह कार्यक्रम 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2023 तक एनएमसी क्षेत्रीय केंद्र बरेली, उत्तर प्रदेश की देखरेख में चिकित्सा शिक्षा इकाई, एसएसजे जीआईएमएसआर विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारम्भ में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सी. पी. भैसोड़ा ने मंच को चिकित्सा शिक्षा शिक्षण में नए बदलावों से अवगत कराया। उन्होंने कहा की एसएसजे आयुर्विज्ञान संस्थान अकादमिक उत्कृष्टता और स्वास्थ्य सेवा उद्योग के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। बीसीएमई संकाय विकास कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा को बढ़ाने और नवीनतम शैक्षणिक दृष्टिकोण के साथ संकाय सदस्यों को सशक्त बनाने, कल के डॉक्टरों के लिए सर्वोत्तम संभव प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। बीसीएमई संकाय विकास कार्यक्रम एक व्यापक पहल है जिसे चिकित्सा शिक्षकों को उनकी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# 17 लाख पार हुई श्री केदारनाथ धाम के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या

### बाबा केदारनाथ के कपाट बंद होने में अभी एक महीने का समय है शेष



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : प्रदेश में चारधाम यात्रा हर वर्ष नए रिकार्ड बनाती जा रही है। चारधाम यात्रा के महत्वपूर्ण धामों में शामिल 11वें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम ने सभी पुराने रिकार्ड तोड़कर सोमवार को नया कीर्तिमान कायम कर लिया है। सोमवार को बाबा केदारनाथ के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 17 लाख के पार पहुंच गई है। धाम के कपाट बंद होने में अभी एक महीने का समय शेष है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस वर्ष केदारनाथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 20 लाख के पार पहुंच सकता है।

श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 25 अप्रैल 2023 को खुल गए थे, मौसम खराब होने के चलते मई के दूसरे सप्ताह से यात्रा ने रफ्तार पकड़ी। बावजूद इसके अब तक यात्रा के 165 दिनों में 17 लाख से ज्यादा भक्त बाबा केदारनाथ के दर्शनों को देश-विदेश से पहुंच चुके हैं। जबकि पिछले वर्ष पूरी यात्रा के दौरान करीब 16 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए थे। वहीं नवरात्रों के शुभ अवसर पर धाम में बर्फबारी भी शुरू हो गई है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन केदारपुरी में बर्फबारी जारी रही एवं आगे भी कुछ दिन मौसम ऐसा रहने की संभावना है। केदारपुरी में हो रही बर्फबारी के दृष्टिगत यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर जिला प्रशासन एवं मंदिर समिति की ओर से विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। केदारनाथ धाम में हो रही बर्फबारी के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने केदारनाथ धाम में दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालुओं से अपने साथ पर्याप्त गर्म कपड़े लाने एवं बीमार व्यक्तियों को डॉक्टर की सलाह के बाद ही यात्रा करने की अपील की है।

बद्री-केदार मंदिर समिति के कार्यकारी अधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 17 लाख के पार पहुंच गई है जो अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। उन्होंने कहा कि धाम में पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों का जिला प्रशासन एवं मंदिर समिति की ओर से सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं बद्री–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जिला प्रशासन और मंदिर समिति समेत सभी विभागों के सहयोग से सभी व्यस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं।

### बारिश से तापमान में गिरावट आने से बढ़ी ठंड

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल में तूफान व बारिश से ठंड बढ़ गई है। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। घरों में कंबल निकल गए। सोमवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था। करीब दस बजे तेज हवाएं शुरू हो गई। जिसके बाद वर्षा शुरू होने पर तापमान में गिरावट आने पर ठंड बढ़ गई। लोगों ने ठंड से बचाव को अपने गर्म कपड़े निकाले। जिले भर में कई स्थानों पर बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश से ठंड भी बढ़ गई है। सोमवार को एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया।

दोपहर को आंधी तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। जिले के धुमाकोट, सतपुली, नैनीडांडा आदि क्षेत्रों में बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

बारिश से ठंड ने भी दस्तक दे दी है। तेज हवा के कारण धान की फसलें गिर गई। जिन खेतों में किसानों ने धान काटकर छोड़ा हुआ था।

## राशन कार्ड समय पर न मिलने पर भड़के उपभोक्ता

रूद्रप्रयाग : जनपद में पीएचएस और अंत्योदय श्रेणी के उपभोक्ताओं को राशन कार्ड समय पर न मिलने से उपभोक्ताओं में आक्रोश है। इसको लेकर प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष एवं मक्कू के प्रधान विजयपाल सिंह नेगी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य को ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होंने समस्या का समाधान करने की मांग की है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य को दिए ज्ञापन में विजयपाल नेगी ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग सहित अन्य कई जनपदों में वर्तमान समय में पीएचएस एवं अंत्योदय श्रेणी के पीवीसी राशन कार्ड उपभोक्ताओं को समय से नहीं मिल पा रहे हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश बना हुआ है। करीब एक वर्ष से भी अधिक का समय व्यतीत होने के बाद भी उपभोक्ताओं को अपने नए पीवीसी राशनकार्ड नहीं मिले हैं। संबंधित विभागीय अधिकारी का कहना है कि राशनकार्ड देहरादून से ही छपते हैं। इस संदर्भ में पूर्व में भी प्रधान संगठन ने खाद्य मंत्री से हर जनपद में पीवीसी राशन कार्ड प्रिंटर मशीन स्थापित करने की मांग की थी ताकि लोगों को सुविधा मिल सके किंतु इसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि जनपद में वर्तमान में पीएचएस और अंत्योदय का लक्ष्य पूरा है। लक्ष्य के हिसाब से कार्ड बनते रहते हैं। जबकि एपीएल के कार्ड लगातार बन रहे हैं। (एजेंसी)

### बोट संचालन मूल स्थान से करवाया जाए

नई टिहरी : श्री गंगा भागीरथी बोट संचालन समिति ने विधायक किशोर उपाध्याय को पत्र लिखा है। विधायक को लिखे पत्र में लखवीर चौहान, आशीष रावत, गिरीश भंडारी, संदीप रावत, शैलेंद्र चौहान आदि ने कहा कि 2022 में चप्पु बोट या पैडल बोट संचालन की अनुमति तत्कालीन जिलाधिकारी ईवा श्रीवास्तव ने उत्तरायणी भागीरथी समिति तिवाड़ गांव को दी थी। जिसका संचालन अनुमति वाले मूल स्थान पर करवाना सुनिश्चित किया जाय। (एजेंसी

## प्रदेश में संचालित आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं का होगा निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : हल्द्वानी के गौलापार में दृष्टिबाधित बच्ची से यौन शोषण के मामले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए प्रदेश में संचालित आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं के सघन निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने समस्त जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।दृष्टिबाधित बच्ची के यौन शोषण के आरोप में बीते शुक्रवार को पुलिस ने नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइंड नवाड़खेड़ा, गौलापार के महासचिव एवं संचालक श्याम धानक को गिरफ्तार किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अमानवीय घटना का गम्भीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए निर्देशित किया है कि प्रदेश में संचालित तमाम अन्य आवासीय संस्थाओं में तत्काल सघन निरीक्षण किया जाए, ताकि इस प्रकार की दुःखद एवं हृदय विदारक घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस प्रकरण में सोमवार को अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सम्बन्धित विभाग व पुलिस के अधिकारियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ यौन शोषण अथवा दुर्व्यवहार का कोई प्रकरण संज्ञान में आता है, तो तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही जागरूकता अभियान के अन्तर्गत संस्थाओं में सघन निरीक्षण करते हुए तत्सम्बन्धी आख्या शासन को एक माह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### 30 को होगी जिला पंचायत की बैठक

नई टिहरी : जिला पंचायत की सामान्य बैठक आगामी 30 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने दी। बताया कि सुबह 10 बजे से जिला पंचायत की समितियों की बैठक आयोजित किए जाने के बाद पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि और तत्पश्चात विभागों से सम्बंधित विकास कामों की समीक्षा विभागवार की जायेगी।

### गोल्डन कार्ड की विसंगतियों से पेंशनरों में आक्रोश

श्रीनगर गढ़वाल : अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेमबल्लभ नैथानी, प्रहलाद भट्ट, कुंवर सिंह चौहान, बरदराज बहुगुणा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पेंशनरों ने गोल्डन कार्ड की विसंगतियों पर रोष प्रकट किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बच्ची सिंह रावत ने सभी अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को संगठन के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गोल्डन कार्ड की अव्यवस्थाओं पर अवकाश प्राप्त के कर्मचारियों ने आपत्ति जताते हुए नाराजगी व्यक्त की।

## रूपकुंड ट्रैक का भ्रमण कर डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नए स्थल विकसित करने पर दिया जोर



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिले में धार्मिक, साहसिक एवं ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने और ट्रैक मार्ग पर जरूरी सुविधाओं के विकास हेतु जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने वन विभाग एवं संबधित एजेंसियों के साथ प्रसिद्व रूपकुंड ट्रैक का चार दिवसीय भ्रमण करते हुए करीब 60 किलोमीटर कठिन पैदल दूरी तय कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वन क्षेत्रों में ईको टूरिज्म के लिए नए स्थल विकसित करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने देवाल ब्लाक के कुलिंग गांव से रूपकुंड की पैदल ट्रैकिंग शुरू की। कुलिंग से दीदना, वेदनी बुग्याल, पाथरनचीना, भगवावासा होते हुए जिलाधिकारी रूपकुंड पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी ने वन विभाग एवं संबधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि रूपकुंड ट्रैक पर ईको टूरिज्म साइट्स विकसित करने के साथ इसका संचालन, विकास एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था की जाए। ईको साइट्स के विकास में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल करें। क्षेत्र में ईको विकास समिति का गठन करते हुए स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अतिरिक्त अवसर मिल सके। चार दिवसीय भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने सुदूरवर्ती गांव दीदना में स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनके निराकरण हेतु संबधितों को निर्देशित किया। बताते चले कि प्रसिद्व नंदादेवी राजजात यात्रा हर 12 साल में कर्णप्रयाग के पास नौटी गांव से रूपकुंड के पास होमकुंड तक आयोजित की जाती है। जबकि हर साल कुरूड़ से वेदनी तक मां नन्दा की यात्रा होती है। इस कठिन पवित्र यात्रा में हजारों लोग शामिल होते है। रूपकुंड ट्रैक मार्ग सोलो ट्रैकिंग और एडवेंचर ट्रैकिंग के लिए भी प्रसिद्व है। सुरम्य पहाड़ी चोटियों के बीच स्थित रूपकुंड झील अपने अनसुलझे रहस्य के लिए सुर्खियों में रही है, क्योंकि यहां पुरापाषाण युग के मानव कंकालों और घोड़ों के अवशेष देखे जा सकते हैं। रूपकुंड ट्रेक पर दूर-दूर तक घने जंगल हैं। यहां से त्रिशूली और नन्दाघुंघटी पर्वत श्रृंखलाएं दिखाई देती है। चारों तरफ पर्वतों की घाटियां इस जगह को और भी ज्यादा खूबसूरत बना देती हैं।

## डीएम की अभिनव पहल लाइब्रेरी की सुविधा से भविष्य संवार रहे युवा/ विद्यार्थी



देहरादून। जनपद में जिलाधिकारी सोनिका की अभिनव पहल से युवा/ विद्यार्थी अपने भविष्य को संवार रहे है। जिलाधिकारी की अभिनव पहल से शहर में ही नहीं बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में भी जरतमंदो तक पहुची है लाइब्रेरी की सुविधा, जिसके सहारे युवा अपने पठन–पाठन की दिनचर्या के साथ ही अपने ही क्षेत्र में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। जिलाधिकारी एवं उनकी टीम को इस अभिनव पहल को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा जा रहा है।

शहर के बाद जनपद के जनपद के दूरस्थ तहसील त्यूनी में लाईब्रेरी बनने से यहां के युवाओं/विद्यार्थीयों को जंहा पठन–पाठन/प्रतियोगि परीक्षा की तैयारी की सुविधा मिली है, वहीं अभिभावक भी जिलाधिकारी/ राज्य सरकार की इस पहल से बेहद प्रसन्न है। जनपद में 04 लाइब्रेरी सुचारू हो चुकी हैं जबकि 2 लाईब्रेरी पूर्ण होने की अवस्था में है।

वंही जिलाधिकारी ने उन समस्त युवा/विद्यार्थी यों को अपने भविष्य सवारने के लिए भरपूर फायदा उठाने को कहा। साथ ही उन्होंने भूमि की उपलब्धता एवं क्षेत्रवासियों की मांग पर और लाईब्रेरी बनाने कही बात कही जिस हेतु उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी सुझाव /अनुरोध करने को कहा।देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत मॉर्डन दून लाइब्रेरी का निर्माण परेड ग्राउण्ड में लैन्सडाउन चौक के निकट किया गया है। उक्त परियोजना का उद्देश्य अधिकतम पाठकों को शिक्षा हेतु शांतिपूर्ण वातावरण एवं अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है, जिसमें दून लाइब्रेरी पूरी तरह सफल साबित हो रही है। देहरादून शहर के लोगों की तो दून लाइब्रेरी के निर्माण से विभिन्न पुस्तकों से संबंधित आवश्यकता पूरी हो रही है, लेकिन इसके अलावा अन्य स्थानों के भी विद्यार्थी है जो विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों को पढ़ना चाहते हैं लेकिन किसी कारणवश नहीं पढ़ पाते है। इन्ही को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन देहरादून द्वारा 4 स्थानों पर बच्चों के पढने के लिए लाइब्रेरी को विकसित किया जा चुका है तथा 2 स्थान पर विकसित किया जा रहा है। 1.त्यूनी ( चकराता) 2. विकासनगर ( विकासनगर) 3.डोईवाला ( डोईवाला ) 4.सहसपुर (सहसपुर) 5.कालसी ( कालसी) 6. .थानो ( रायपुर ब्लाक )इनमें से 4 लाइब्रेरी त्यूनी (चकराता) प्राथमिक विद्यालय में शुरू हो चुकी है जिसमें 35 विद्यार्थी यों के पढ़ने का स्थान है। विकासनगर ( विकासनगर) भी विद्यार्थी यों को सौंपी जा चुकी है जिसमें 25 विद्यार्थी आसानी से पढ़ सकते हैं, सहसपुर (सहसपुर) भी तैयार हो चुकी है जिसका लाभ 30 विद्यार्थी यों द्वारा लिया जा रहा है, डोईवाला (डोईवाला) में लाइब्रेरी बनकर तैयार है जिसमें 40–45 विद्यार्थी यों के पढ़ने का स्थान है वहीं कालसी (कालसी) एवं थानो (रायपुर ब्लाक)में लाइब्रेरी को अक्टूबर माह के अन्त तक विद्यार्थी यों हेतु तैयार कर लिया जाएगा।इसी के अलावा जिलाधिकारी द्वारा और अधिक विद्यार्थी यों को लाइब्रेरी का लाभ पहुंचाने के उददेश्य से एक पहल को प्रारम्भ कर रहा है जिसमें देहरादून वासियों से यह अपील की गई है कि अगर उन्हें लाइब्रेरी की आवश्यकता है तो वह टोल फ्री नम्बर 18001802525 कॉल कर सकते हैं।

### कोतवाली में युवक से मारपीट का आरोप

ऋषिकेश। एक युवक ने कोतवाली के भीतर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित का दावा है कि उस पर मारपीट के मामले में शिकायत वापस लेने का दवाब भी बनाया गया। इस बीच उसे धमकी भी दी गई, जिस पर पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त के लिए पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक शांतिनगर, ऋषिकेश निवासी शिवम नागर ने तहरीर देकर बताया कि कुछ समय पहले कोयलघाटी के पास पड़ोस की रहने वाली युवती से तीन युवक अभद्रता कर रहे थे। उन्होंने मारपीट की, तो वह भी बीच–बचाव के लिए पहुंचा, जिस पर उन्होंने मारपीट करते हुए गले की सोने की चेन भी गायब कर दी। मारपीट में संबंधित युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित ने बताया कि उसे मारपीट में शामिल युवकों की पहचान के लिए कोतवाली बुलाया गया। इसी बीच युवकों के साथ पहले से ही मौजूद कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधि व नेताओं ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। आरोप लगाया कि कोतवाली में मारपीट करते हुए उन्होंने धमकी भी दी।

कोतवाल खुशीराम पांडेय के अनुसार मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## राज्यपाल ने किया एम्स ऋषिकेश में आयोजित वर्ल्ड ट्रॉमा सप्ताह—2023 कार्यक्रम में प्रतिभाग




देहरादून] राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित वर्ल्ड ट्रॉमा सप्ताह–2023 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में सड़क दुर्घटनाओं को कम करना एक चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर जन–जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में हमारे लिए शुरू के 10 मिनट या एक घंटा बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम प्लैटिनम 10 मिनट और गोल्डन ऑवर में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का बचाव करते हुए मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर तक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का सुरक्षित परिवहन हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। राज्यपाल ने व्यक्ति के दुर्घटना स्थल से ट्रॉमा सेन्टर तक के समय को कम से कम किए जाने पर विशेष बल दिया। एम्स ऋषिकेश द्वारा सप्ताह भर तक संचालित जन–जागरूकता कार्यक्रमों की राज्यपाल ने सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ सहित हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम समाज के प्रत्येक व्यक्ति को दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रॉमा चिकित्सा के संबंध में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश द्वारा हेली एम्बुलेंस और टेलीमेडिसिन सुविधा के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एम्स द्वारा नवीन तकनीकों से पहाडों में स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान खोजने की दिशा में प्रयास सराहनीय हैं। एम्स द्वारा एआई आधारित संकल्पनाओं, ड्रोन टेक्नोलॉजी और हैली सेवा से मरीजों को एयरलिफ्ट करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने संस्थान को बधाई दी। पिछले एक वर्ष में हेल्पलाइन की मदद से 12 हजार से अधिक लोगों को टेली कंसल्टेशन दिया गया है जिसके लिए उन्होंने सभी डॉक्टरों की सराहना की। इससे पूर्व एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.)मीनू सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा के कारण हो रही मौतों को रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एम्स का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को ट्रॉमा के प्रति सजग और जागरूक किया जाय। इससे पूर्व ट्रॉमा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कमर आजम ने सप्ताह भर तक संचालित ट्रॉमा जागरूकता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम को सर्जन डॉक्टर डॉ. मयूर नारायण और डॉ. मधुर उनियाल आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, डॉ. भास्कर सरकार, डॉ. गिरीश कुमार सिंह सहित एम्स के डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ सहित एनसीसी और स्कूलों के बच्चे भी मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव डॉ.संधु ने प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं में सुधार के सम्बन्ध में अधिकारियों संग बैठक




देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं में सुधार के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में अग्निशमन सुविधाओं के विकास के लिए एक फुलप्रूफ योजना तैयार की जाए। उन्होंने प्रदेश में उपलब्ध अग्निशमन सेवाओं का गैप एनालिसिस कर इसे पूर्ण रूप से संतृप्त करने के लिए योजना तैयार किए जाने हेतु निर्देशित किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि आवासीय भवनों को फायर स्टेशन के पास ही बनाया जाए। इससे अग्निशमन कर्मियों को भी सुविधा होगी, एक समय पर अधिक से अधिक कर्मी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि फायर एवं अन्य आवश्यक प्रशिक्षणों के लिए प्रदेश के भीतर ही व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सेलाकुई फायर स्टेशन को प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए ही नागपुर (महाराष्ट्र) के प्रशिक्षण केन्द्र भेजे जाने की बात भी कही।

मुख्य सचिव ने बाढ़, भूस्खलन, ध्वस्त संरचनाओं के लिए रेस्क्यू कोर्सेज पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीआरएफ और अग्निशमन सेवाओं के कार्यात्मक एकीकरण की बात भी कही। कहा कि फायर स्टेशनों को अपग्रेड किए जाने हेतु सम्पूर्ण कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने प्रदेशभर में आवश्यकतानुसार फायर स्टेशनों एवं फायर हाईड्रेंट की भी उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के लिए वहां की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल उपकरणों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक नीरू गर्ग एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक निवेदिता कुकरेती सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### डा. बख्शी और डोभाल सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : गो सेवा संवर्द्धन समिति ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीबी चेस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विक्की बख्सी और गढ़वाल विवि के सहायक अभियंता सिविल महेश डोभाल को सम्मानित किया।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम कुमारी गुड्डी पुत्री रग्घूलाल गलत अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम बबली पुत्री स्व0 रघुलाल है तथा मेरी जन्म तिथि 15-05-1972 है। अतः मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही व वास्तविक नाम बबली पुत्री स्व0 रघुलाल तथा जन्मतिथि 15-05-1972 अंकित कर जन्म प्रमाण निर्गत किया जाए।

**बबली पुत्री स्व0 रघुलाल पत्नी श्री सुन्दरलाल निवासी वार्ड नंबर 14 आमपड़ाव, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

सम्पादकीय

## चार धाम यात्रा का बेमिसाल रिकॉर्ड

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव पर है लेकिन अभी भी यात्रियों का सैलाब थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। राज्य सरकार के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कि पहली बार चार धाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 50 लाख की संख्या से भी पार हो गया है, तो वही अभी भी पंजीकरण की व्यवस्था चालू है और चारों धामों के कपाट बंद होने से पूर्व यह आंकड़ा अभी और बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि यमुनोत्री धाम में इस सीजन की पहली बर्फबारी भी देखने को मिली है तो वही शीत ऋतु का आगाज होने के बाद यात्रा में अब कमी भी देखने को मिलेगी। इस सब के बावजूद जो आंकड़ा इस बार सामने आया है वह बेहद उत्साहित करने वाला है। आने वाले समय में यात्रियों की संख्या यदि एक करोड़ के पार पहुंचती है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हालांकि इसके लिए एक बड़ी ठोस सुनियोजित व्यवस्था की जरूरत होगी जो अभी उत्तराखंड के चारों धामों में मौजूद नहीं है। हालांकि सरकार चारों धामों में यात्रियों के रूकने एवं अन्य सुविधाओं को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है तथापि ऐसी संभावनाएं तलाशना समय की अनिवार्यता है कि यात्रियों का सैलाब उमड़ने के बावजूद रहने एवं खान की समस्या न होने पाए। दीपावली तक चार धाम यात्रा का अंतिम पड़ाव देखने को मिलेगा लेकिन साथ ही मौसम का बिगड़ा मिजाज यात्रियों के लिए एक चुनौती भी साबित होगा। जिस प्रकार से इस सीजन में यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय उछाल देखने को मिला है उसके बाद अगले सीजन के लिए राज्य सरकार को व्यापक तैयारी एवं व्यवस्था बनानी ही होगी। इस वर्ष यात्रियों की बढ़ती संख्या के बाद जून जुलाई में केदारनाथ धाम में यात्रियों के रुकने की बड़ी समस्या देखने को मिली थी जिसके कारण सरकार को श्रद्धालुओं का पंजीकरण रोकना पड़ा था। इससे यात्रियों में नाराजगी तो देखने को मिली थी साथ ही सरकार की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल भी खड़े होने लगे थे। अब जब सरकार वर्ष 2030 तक चारों धामों में यात्रियों की संख्या का आंकड़ा एक करोड़ तक पहुंचने का अनुमान लगा रही है तो इन परिस्थितियों में चारों धामों में एक ठोस मास्टर प्लान बनाना पड़ेगा जिसमें यात्रियों के ठहराव, पार्किंग, भोजन के अतिरिक्त आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की सभी बातों को ध्यान रखना होगा। जिस प्रकार की व्यवस्था इस वर्ष यात्रा के शुरू होने के दौरान देखने को मिली थी उससे सरकार को सबक लेना चाहिए और अभी से भविष्य के लिए नीति तैयार करना जरूरी है। श्रद्धालुओं के आने का क्रम अभी जारी है और अनुमान लगाया जा सकता है कि चारों धामों के कपाट बंद होने तक यह संख्या 60 लाख का आंकड़ा छू सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए इस वर्ष भी राज्य सरकार ने व्यापक प्रबंध किए थे और इसका असर देखने को भी मिला। खासतौर से आपदा की स्थिति में सुरक्षा एजेंसी ने काफी सूझबूझ एवं तत्परता के साथ अपने कार्य कौशल का प्रदर्शन किया। एक बड़े आयोजन को संपन्न करना आसान नहीं होता लेकिन उत्तराखंड सरकार ने इस काम को पूरा करके दिखाया, हालांकि हर विशाल आयोजन में कहीं ना कहीं कुछ कमी तो रह ही जाती है लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं की व्यवस्था में कोई खोट है, बल्कि इन कमियों से सीखने की जरूरत है ताकि भविष्य में इन्हें दूर कर व्यवस्थाएं और अधिक बेहतर बनाई जा सके।

## एक जैसा मानदंड अपनाइए

चीनी धन हर रूप में भारतीय हितों के खिलाफ है, तो आखिर देश की बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु।

एक बिजनेस अखबार ने अपने पहले पेज पर प्रमुखता से एक ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो सामान्य दिनों में खबर मानी भी नहीं जाती। भूमंडलीकरण के बाद के दौर में विभिन्न देशों की कंपनियों में अन्य देशों के बैंकों या कंपनियों का निवेश एक आम चलन है। इसके बावजूद इस रिपोर्ट ने ध्यान खींचा, तो उसकी वजह मौजूदा संदर्भ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की किन कंपनियों में अभी भी हजारों करोड़ रुपए का चीन के केंद्रीय बैंक- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) का निवेश है।

इन कंपनियों में इन्फोसिस, आईसीसीआईसीसी बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, मारुति सुजूकी, एशियन पेन्ट्स आदि शामिल हैं। यह विवरण ठीक उस समय आया है, जब वेबसाइट न्यूजक्लिक पर ऐसा अनुदान लेने के मामले में यूएपीए जैसे सख्त कानून के तहत कार्रवाई की गई है, जिसमें चीनी धन होने का भी संदेह है। यह तथ्य भी जरूर स्पष्ट कर लेना चाहिए कि भारत में मीडिया कारोबार में विदेशी धन आना भी अब प्रतिबंधित नहीं है।

न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने एक ऐसे श्रीलंकाई मूल के अमेरिकी उद्योगपति की संस्था से चंदा लिया, जिसका कारोबार चीन में भी है और जो वामपंथी विचार वाले मीडिया संस्थानों की कई देशों में मदद करता है। इसलिए यह इल्जाम लगाया गया है कि न्यूजक्लिक चीन के प्रचार-तंत्र का हिस्सा है। ये सारे आरोप अभी न्यायिक कार्यवाही में साबित होने हैं। लेकिन यह मुद्दा अभी हमारे सामने है कि अगर चीनी धन हर रूप में भारत के हितों के खिलाफ है, तो आखिर उन बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को अब तक क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु। अगर शत्रु मानती है, तो फिर बेशक उसके साथ तमाम तरह के संबंध और संवाद तोड़ लिए जाने चाहिए। लेकिन चीन से रिश्ता के मामले में अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग मानदंड अपनाना समस्याग्रस्त है। इससे ना तो चीन की चुनौती का ठीक से मुकाबला किया सकेगा, और ना ही न्यूजक्लिक जैसे मामलों में सरकार की कार्रवाइयों की साख बन सकेगी।

# फिलिस्तीन पर कोई चर्चा नहीं !

**श्रुति व्यास**

फिलिस्तीन कई दशकों से चर्चा, तर्क-वितर्क-कुतर्क और बहस-मुबाहिसे में रहे हैं।पर फिलिस्तीनियों के संघर्ष की चर्चाओं में उनकी तकलीफों और अवहेलना को आम तौर पर नजरअंदाज किया जाता रहा हैं।हाल के सालों में इजराइल की विस्तारवादी उपनिवेशवादी नीतियों में फिलिस्तीनियों के हितों की बहुत अनदेखी हुई है। इस साल की शुरूआत से ही इजराइल ने फिलिस्तीन इलाके वेस्ट बैंक को व्यावहारिक दृष्टि से अपना हिस्सा बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी थी। इजराइली, फिलिस्तीन की भूमि पर बसाए गए हैं। उनके द्वारा फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। इजरायली अधिकारियों का रूख कड़ा होता गया हैं। लेकिन दुनिया में इस सबको इसलिए नजरअंदाज किया गया क्योंकि इजराइल, अंतर्राष्ट्रीय नैरेटिव को नियंत्रित करने में हमेशा से प्रभावी रहा है।

दूसरा इलाका गाजा एक छोटा-सा क्षेत्र है जिसमें22 लाख फिलिस्तीनी रहते हैं। सन् 2007 में हमास द्वारा गाज़ा पर नियंत्रण स्थापित करने के बाद हुए पांच सैन्य टकरावों में से हर एक के बाद वहां के लोगों का जीवनस्तर बेहतर बनाने की बातें तो हुईं किंतु अंततः इस बारे में कुछ भी नहीं किया गया। और हाल में इजराइल द्वारा येरुशलम के अल-अक्सा मस्जिद के परिसर में यथास्थिति को बदलने के जो प्रयास किए गए, उनसे फिलिस्तीनियों के मन में यह डर बैठ गया कि इस परिसर को विभाजित या पूर्णतः नष्ट किया जा सकता है। इस मुद्दे पर मात्र फिलिस्तीनियों में ही नहीं बल्कि अरब प्रायद्वीप और पूरी दुनिया के मुसलमानों की संवेदनशीलता है। तभी हमास ने 7 अक्टूबर की कार्यवाही को 'अल-अक्सा हरीकेन' का नाम दिया।

सवाल है ज़मीन और पहचान से जुड़ी खून-खराबे भरी लड़ाई शुरू कैसे हुई? यह सब शुरू हुआ होलोकास्ट के बाद।ध्यान रहे उसके बाद ब्रिटेन की इजाजत से फिलिस्तीन में यहूदी आप्रवासियों के आने का सिलसिला तेज हुआ था। इसके पीछे वजह थी यूरोप में तेजी पकड़ता यहूदी-विरोधी माहौल और बढ़ता यहूदी राष्ट्रीय आंदोलन, जिसे यहूदीवाद का नाम दिया गया। सन् 1947 में फिलिस्तीनियों और यहूदीवादी सशस्त्र बलों के बीच तनाव चरम पर पहुँच गया, जिसके चलते (तब) नवगठित संयुक्त राष्ट्रसंघ ने फिलिस्तीन का विभाजन कर अलग-अलग यहूदी और अरब राष्ट्र के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव के अंतर्गत येरुशलम, जिस पर दोनों पक्ष दावा कर रहे थे, अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण में रहना था। यहूदियों को यह प्रस्ताव मंज़ूर था किंतु अरब राष्ट्रों ने इसे नामंजूर कर दिया। दोनों पक्षों के बीच हिंसक टकराव बढ़ते गए और संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा सुझाया गया हल कभी लागू न हो सका। सन् 1947-48 के युद्ध में, जिसके नतीजे में इजराइल अस्तित्व में आया, फिलिस्तीनियों को बड़ी संख्या में पलायन के लिए मजबूर किया गया या वे स्वयं ही



संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार, इजराइल की अनवरत बम वर्षा के चलते गाज़ा पट्टी में 3 I38 लाख लोग अपने घर-बार छोड़ कर भाग चुके हैं। वहां न तो बिजली है, न खाना और ना ही पीने का पानी। फिलिस्तीनियों को डर है कि इससे भी बुरे दिन आने वाले हैं क्योंकि इजराइल को अपने पश्चिमी दोस्तों से भरपूर मदद मिल रही है। इजराइल के मददगारों को इस बात की फिक्रनहीं है कि इससे मूलभूत मानवीय मूल्यों और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का कितना गंभीर उल्लंघन होगा। इजराइल ने अपने नागरिकों पर हमले के बाद जो जवाबी सैन्य कार्यवाही की है, वह अनुचित नहीं है।

चले गए। सैकड़ों गांव नष्ट कर दिए गए। और तब से लेकर आज तक टकराव जारी है। इजराइलियों की हर पीढ़ी, मध्यपूर्व में अपनी सवोच्चता कायम करने और सबसे शक्तिशाली बने रहने के लिए कमर कसकर सैनिक बनती रही है।

इजराइल की दादागिरी के नतीजे में पहला फिलिस्तीनी इन्तेफादा (अरबी शब्द, जिसका अर्थ होता है विद्रोह) सन् 1987 में हुआ। यह इजराइल के लिए एक झटका था और इसकी पृष्ठभूमि में सन् 1994 के ओस्लो शांति समझौते हुए। दोनों ओर के अतिवादियों ने समझौते को नाकाम करने की पूरी कोशिश की। हमास और एक अन्य अतिवादी संगठन इस्लामिक जिहाद ने आत्मघाती बम विस्फोटों का एक सिलसिला शुरू किया, जिसके जवाब में इजराइल ने और कठोर सुरक्षा उपाय किए, जिनमें गाजा पट्टी पर और ज्यादा पाबंदियां लादना शामिल था।

दूसरा इन्तेफादा सन् 2000 में कैम्प डेविड में हुई शांति वार्ता के असफल होने का नतीजा था, जिसमें बंदूकों और बमों का जम कर इस्तेमाल हुआ। इजराइल द्वारा सन् 2000 में लेबनान से और सन् 2005 में गाजा से (यासेर अराफात की मृत्यु के बाद) एकतरफा कार्यवाही करते हुए पीछे हट जाने के बाद भी शांति स्थापित नहीं हुई। इजराइल ने हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ अनेक लड़ाईयां कीं और इन दोनों ने इजराइल पर बड़ी संख्या में राकेटों से हमले किये।

क्षेत्र में शांति कायम न हो सकी और जबरदस्त तबाही हुई, विशेषकर फिलिस्तीनीयों की। ओस्लो समझौते की असफलता का नतीजा और बदतर कब्जे के रूप में सामने आया। इसमें शामिल था खून खराबा, आंतरिक विभाजन, बसने वालों को उनकी भूमि से बेदखल किया जाना और ज़मीन का छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट जाना। फिलिस्तीनी अरब देशों में शरणार्थियों के रूप में, हमास के नियंत्रण वाली गाजा पट्टी की खुली जेल में, और वेस्ट बैंक में राष्ट्रवादी फतह गुट द्वारा संचालित अलग-सलग स्वायत्त इलाकों में, येरुशलम में इजराइल के उपेक्षित 'निवासियों के रूप में और इजराइल की 1967 के पहले की सीमाओं पर समानता के संघर्षरत दोयम दर्जे के नागरिकों के तौर पर रहने को बाध्य हुए। सभी युद्धों और टकरावों ने फिलिस्तीन के लोगों की अपनी ज़मीन को वापस पाने की छटपटाहट और इजरायली कट्टरता को बढ़ाया और धर्म और राष्ट्रवाद का विस्फोटक मिश्रण तैयार कर दिया। इजराइल ने नाकाबंदी कर फिलिस्तीनी समुदाय को विखंडित कर दिया है। इजरायली और धनी, और ताकतवर होते चले गए, और फिलिस्तीनी कष्ट और अशांति भुगतते रहे।

आंकड़ों के अनुसार, दूसरे इन्तेफादा, जो सितंबर 2000 में प्रारंभ हुआ और दूसरे गाजा युद्ध की समाप्ति, जो अगस्त 2014 में हुई, के बीच के 15 सालों में औसतन हर साल 800 फिलिस्तीनी लोगों ने जानें गंवाई। उसके बाद से प्रतिवर्ष 175 लोग मारे गए। इसी अवधि में मरने वाले इजराइली नागरिकों की संख्या प्रतिवर्ष 85 से घटकर 14 रह गई। सन् 2008 से सितंबर 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार 6,407 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से आधे से अधिक की मौत मिसाइल हमलों की वजह से हुई। इसी अवधि में संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार टकरावों में 308 इजराइलियों की मौत हुई। कुल मिलाकर युद्धों में मरने वालों में से 83 प्रतिशत फिलिस्तीनी हैं।

अब एक नया युद्ध चल रहा है, जिसे शुरू हुए सात दिन गुज़र चुके हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार, इजराइल की अनवरत बम वर्षा के चलते गाज़ा पट्टी में 3 I38 लाख लोग अपने घर-बार छोड़ कर भाग चुके हैं। वहां न तो बिजली है, न खाना और ना ही पीने का पानी। फिलिस्तीनियों को डर है कि इससे भी बुरे दिन आने वाले हैं क्योंकि इजराइल को अपने पश्चिमी दोस्तों से भरपूर मदद मिल रही है। इजराइल के मददगारों को इस बात की फिक्र नहीं है कि इससे मूलभूत मानवीय मूल्यों और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का कितना गंभीर उल्लंघन होगा। इजराइल ने अपने नागरिकों पर हमले के बाद जो जवाबी सैन्य कार्यवाही की है, वह अनुचित नहीं है। परन्तु उचित कारण होना एक बात है और युद्ध के स्थापित नियमों का उल्लंघन करना दूसरी बात। इस बीच, पेलिसटीनियन अथॉरिटी के एक पूर्व प्रधामंत्री सलाम फय्याद की 'द इकोनॉमिस्ट' अख़बार में प्रकाशित यह टिप्पणी मौजूं है कि गुटबाजी के चलते, फिलिस्तानियों के हक की लड़ाई का सत्यानाश हो गया है।

# कौन बनेगा मुख्यमंत्री का सस्पेंस

**हरिशंकर व्यास**

भाजपा में टिकटों की तरह एक बड़ा सस्पेंस इस बात का है कि अगर पार्टी जीतती है तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा? मध्य प्रदेश में पिछले तीन चुनाव से सबको पता था कि भाजपा जीतेगी तो शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री होंगे। लेकिन इस बार किसी को पता नहीं है कि कौन सीएम बनेगा। भाजपा ने सीएम पद के सभी दावेदारों को मैदान में उतार दिया है। शिवराज सिंह चौहान तो अपनी पारंपरिक बुधनी सीट से लड़ ही रहे हैं लेकिन उनके साथ साथ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते भी लड़ रहे हैं। अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी उतार दिया जाए तो हैरानी नहीं होगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को चुनाव में है। वे विधानसभा चुनाव लडऩा छोड़ चुके थे पर उनको उतारा गया है। तभी यह माना जा रहा है कि अगर भाजपा जीतती है तो कैलाश विजयवर्गीय मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वे मौजूदा दावेदारों में सबसे प्रबल हैं। अगर पार्टी ओबीसी सीएम बनाने का फैसला करती है तो प्रहलाद पटेल सबसे प्रबल दावेदार हैं।



इसी तरह राजस्थान में भाजपा ने इस बार वसुंधरा राजे को चेहरा नहीं बनाया है। पिछले 20 साल से पार्टी उनके चेहरे पर लड़ती रही है। दो बार भाजपा जीती तो वे सीएम बनीं और दो बार हारी तब भी पार्टी की कमान उनके हाथ में रही। इस बार उनकी बजाय केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। संभवतया उन्हे जोधपुर में अशोक गहलोत के खिलाफ उतारा जाए। ताकि गहलोत बनाम शेखावत के भारी मुकाबले का हल्ला बना कर गजेंद्रसिंह की दांवेदारी नंबर एक की बने। वैसे पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी दावेदार बताए जा रहे हैं। वैसे अभी तक शेखावत की उम्मीदवारी घोषित नहीं हुई है। ऐसे ही अभी केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को ले कर भी सस्पेंस है। ये सब सीएम पद के प्रबल दावेदार होते हैं।

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने रमन सिंह को टिकट दे दी है। वे अपनी पारंपरिक राजनांदगांव सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। लेकिन उनको मुख्यमंत्री पद का दावेदार बना कर पार्टी नहीं लड़ रही है।

इस बार चुनाव लड़ रहे नेताओं में कोई ऐसा नहीं दिख रहा है, जिसके बारे में कोई सहज भाव से या भरोसे के साथ कह सके कि पार्टी जीती तो वह सीएम होगा। पुराने नेता ब्रजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत आदि हाशिए में हैं। पुराने नेताओं में रमेश बैस राज्यपाल हैं तो नंद कुमार साय भाजपा छोड़ कर कांग्रेस के साथ चले गए। ऐसा लग रहा है कि भाजपा का ध्यान छत्तीसगढ़ पर नहीं है और वह भी मान कर चल रही है वहां जीतना मुश्किल है।

# सेमी फाइनल 2023: कैंडी क्रश का क्रश

**राजशेखर चौबे**

हम भारतीयों ने क्रिकेट विश्व कप 2023 का सेमीफाइनल 14 अक्टूबर को ही जीत लिया है । पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ प्रत्येक मैच हमारे लिए सेमीफाइनल होता है ।

1992 में भारत से हारने के बाद भी उन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीता था यह सोचकर वे कुछ दिन खुशफहमी में जी सकते हैं । देश की राजनीति का सेमीफाइनल तीन दिसंबर को संपन्न होगा । सभी दल चुनावी मोड में आ गए हैं ।

2014 के बाद से ही भाजपा के लिए चुनाव की विशेष तैयारी दिखती है । इस बार भी वे पीछे नहीं है । अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी उन्होंने सबसे पहले की है । सूची के लिए कांग्रेस शुभ मुहूर्त का इंतजार करती रही और भाजपा ने पहली सूची

पितृ - पक्ष में ही जारी कर दी है । कांग्रेस की पहली सूची नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आई है । भाजपा ने सांसदों सहित कई दिग्गजों को विधानसभा चुनाव




में उतार दिया है । छत्तीसगढ़ में कुछ दिग्गजों के टिकट काटने का हल्ला था परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ । छत्तीसगढ़ सहित पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा पूरी तरह मोदी जी के करिश्मे के भरोसे है और यह करिश्मा किसी भी चुनाव में संभव है । वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस का टैगलाइन है - भूपेश है तो भरोसा है । प्रत्येक सरकार के विरुद्ध एंटी इनकंबेंसी होती है । इसे प्रत्याशी बदलकर भी कुछ कम किया जा सकता है । छत्तीसगढ़ में इस समय कांग्रेस के 71 विधायक हैं यदि इनमें अधिकांश को टिकट दिया गया तो उसका नुकसान पार्टी को अवश्य उठाना पड़ेगा । छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने पिछले पांच वर्ष में छत्तीसगढिय़ावाद को बढ़ावा दिया वही उसकी ताकत है ।

अब उसमें जातिगत जनगणना का तडक़ा भी लगाया जा रहा है ।धान पर बोनस का भी उन्हें फायदा मिलेगा ऐसा लगता है । नेताओं के लिए जी एस टी को समझ पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है फिर भी नेतागण बाज नहीं आते हैं । ताजा विवाद गंगाजल पर जी एस टी लगाने का है । कांग्रेस और भाजपा गंगाजल पर जी एस टी को लेकर विपरीत दावे कर रहे हैं । इस बीच किसी फूल छाप कांग्रेसी ने कका की मीटिंग के दौरान कैंडी क्रश खेलते हुए फोटो वायरल कर दी है । इसे भाजपा ने हाथों हाथ लिया और उनके पूर्व मुख्यमंत्री ने टिप्पणी की कि वे पिछले पांच साल से छत्तीसगढ़ की जनता के साथ खेल ही रहे हैं । कभी लैंड स्कैम कभी कोल स्कैम कभी सेंड स्कैम और कभी लिकर स्कैम गेम । अब आचार संहिता लग गई है तो कैंडी क्रश ही खेल रहे हैं । वही कका की टिप्पणी थी कि कैंडी क्रश मेरा फेवरेट गेम है और मेरा लेवल भी ठीक-ठाक है , यानी कैंडी क्रश के प्रति अपने क्रश को उन्होंने छुपाया नहीं है । अब छत्तीसगढ़ की जनता का उनके प्रति कितना क्रश है इसका पता तीन दिसंबर को ही लगेगा । हम सभी को उस दिन का इंतजार है ।

## पांच राज्यों में सबसे बड़े प्रचारक योगी!

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में वैसे तो अभी तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ही कमान संभाल रहे हैं लेकिन प्रचार शुरू होने पर योगी आदित्यनाथ सबसे बड़े प्रचार हो सकते हैं।

पांच राज्यों में सिर्फ एक राज्य मध्य प्रदेश है, जहां भाजपा के स्थानीय नेता खास कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव की कमान संभालते दिख रहे हैं। बाकी सभी राज्यों में केंद्रीय नेतृत्व ही चुनाव लड़ रहा है। जीत-हार दोनों ही स्थितियों के लिए मोदी और शाह ने अपने को दांव पर लगाया है। लेकिन प्रचार में उनके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का बड़ी रोल होना है।

बताया जा रहा है कि भाजपा की ओर से प्रचार की जो रणनीति बन रही है उसमें योगी आदित्यनाथ की बड़ी भूमिका तय की जा रही है। उत्तर प्रदेश से सटे मध्य प्रदेश के इलाकों में तो वैसे भी उनकी भूमिका होनी थी।

लेकिन उससे बाहर भी पूरे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उनकी सबसे ज्यादा सभाएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं तेलंगाना में भी उनकी रैलियों की तैयारी हो रही है। यह भी कहा जा रहा है कि सभी चुनावी राज्यों से उनकी रैली की मांग पार्टी के पास आई हुई है।

# रोमांच के साथ-साथ शानदार व्यायाम है डांडिया, मिल सकते हैं ये स्वास्थ्य लाभ

नवरात्रि का 9 दिवसीय त्योहार पूरे देश में विविध परंपराओं के साथ मनाया जाता है और इनमें से एक गुजरात का लोकनृत्य डांडिया रास भी है ।डांडिया में लकड़ी की 2 छडिय़ों के साथ पुरुष और महिलाओं का समूह नृत्य करता है ।डांडिया रास खेलना एक आनंददायक अनुभव है और यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है ।आइए जानते हैं कि डांडिया रास में शामिल होने से आपको क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ



मिल सकते हैं ।डांडिया की जीवंत धुनों पर नृत्य करना एक प्रभावी हृदय व्यायाम के रूप में कार्य करता है, जो बेहतर रक्त परिसंचरण और कोशिकाओं तक सही तरीके से ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद कर सकता है ।यह हृदय गति में सुधार करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ावा देने में भी सहायक है। साथ ही डांडिया रास की मदद से रक्तचाप को नियंत्रित रखना भी आसान है ।इसी कारण आगामी नवरात्रि के दौरान डांडिया रास का हिस्सा जरूर बनें।

वर्तमान में अधिकतर लोग मोटापे से जूझ रहे हैं और वह वजन घटाने लिए कई व्यायाम का सहारा लेते हैं ।हालांकि, क्या आप जानते हैं कि वजन घटाने के लिए प्रतिदिन 500 कैलोरी जलाना आवश्यक है ।डांडिया रास में भाग लेना भी कैलोरी जलाने का एक आकर्षक तरीका है, जो आपको त्योहारी सीजन के बीच स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करता है ।कैलोरी जलाने के लिए रोजाना ये 5 व्यायाम करें ।अमूमन लोग शरीर का लचीलापन बढ़ाने के लिए न जाने कितनी तरह के व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेते हैं ।हालांकि, डांडिया शरीर की सभी मांसपेशियों को खींचने और लचीला बनाने का एक शानदार तरीका है, जिससे समय के साथ लचीलेपन में सुधार होता है ।इस नृत्य का दोहराव और ऊर्जावान प्रकृति शरीर की सहनशक्ति बढ़ाने में भी सहायक है और इसे एक प्रभावी व्यायाम बनाते हैं।

## हमास के ट्रेनर पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर में घुसा रखे हैं 71 आतंकी, ऑपरेशन में अब टारगेट पर 107

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'इस्राइल' और 'हमास' के बीच चल रही जंग में कई तरह के सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। मसलन, हमास की तरफ कौन–कौन से देश हैं, हथियारों की मदद कहां से मिल रही है और ट्रेनिंग के लिए किसने मदद की है, आदि। जून 2021 में पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक और वरिष्ठ सांसद रजा जफर उल हक ने सार्वजनिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी कि पाकिस्तान की आर्मी ने गाजा पट्टी में हमास के लड़ाकों को मिलिट्री ट्रेनिंग दी है। हमास के लिए यह ट्रेनिंग प्लेटफार्म लंबे समय से संचालित हो रहा है। उसी पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर में भी अपने '71' दहशतगर्द भेजे हैं। भारतीय सुरक्षा बलों के कमरतोड़ ऑपरेशन में अब जम्मू–कश्मीर में कुल '107' आतंकवादी टारगेट पर हैं। इनमें से लोकल आतंकियों की संख्या महज '36' है, जबकि पाकिस्तानी दहशतगर्दों का आंकड़ा '71' है। पाकिस्तानी आईएसआई और उसके गुर्गे आतंकी संगठनों को अब घाटी में दहशतगर्दी बढ़ाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जब अधिकांश लोकल युवा, पड़ोसी मुल्क के आतंकी संगठनों के बहकावे में आकर हथियार उठाने से मना कर देते हैं तो पाकिस्तान को मजबूरन अपने यहां से आतंकियों को



जम्मू–कश्मीर में भेजना पड़ता है।

रजा जफर उल हक ने कहा था कि पाकिस्तान की आर्मी ने गाजा पट्टी में हमास के लड़ाकों को मिलिट्री ट्रेनिंग दी है। पाकिस्तानी आर्मी ने अपनी स्पेशल कमांडो यूनिट की एक बटालियन को गाजा में भेजा था। यह बात इस तथ्य को पुख्ता करती है कि पाकिस्तान, आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। जम्मू–कश्मीर में कई दशकों से हो रहे आतंकी हमले, इस बात का गवाह हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा समय में जम्मू कश्मीर में 71 विदेशी (पाकिस्तानी) आतंकी सक्रिय हैं। ये गहरे जंगलों में छिपे हैं। यही आतंकी, मौका मिलने पर सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचा देते हैं। इन आतंकियों की मदद के लिए ओवर ग्राउंड वर्करों की एक बड़ी संख्या काम कर रही है। हालांकि अब जम्मू कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस एजेंसियां, ओवर ग्राउंड वर्करों को उनके ठिकानों से बाहर निकाल रही हैं। जम्मू–कश्मीर में 2022 के दौरान 187 आतंकी मारे गए थे। इनमें लोकल आतंकी 130 थे, जबकि 57 विदेशी आतंकी थे। 11 आतंकियों ने सुरक्षा बलों के सामने सरेंडर किया था।

गत वर्ष 373 आतंकी व उनके मददगार पकड़े गए थे। इस साल वह संख्या 217 है। इस वर्ष एक आतंकी ने सरेंडर किया है। इस साल अभी तक 53 आतंकी मारे गए हैं, जिनमें 13 लोकल और 40 विदेशी हैं। अक्तूबर माह के दौरान आठ आतंकी/मददगार पकड़े गए हैं। सितंबर में यह संख्या 39 रही थी। एक मुठभेड़ के अंतराल के बाद ये आतंकी, सिक्योरिटी फोर्स की हर मूवमेंट से जुड़ा इंटेलिजेंस एकत्रित करते हैं। इनके पास जो संचार सिस्टम होता है, उसे ट्रैक करना आसान नहीं होता। वे आपसी बातचीत के लिए विभिन्न तरह के 'एप' का इस्तेमाल करते हैं। इन दहशतगर्दों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन 'लश्कर–ए–तैयबा' की 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) और 'जैश–ए–मोहम्मद' की सक्रिय प्रॉक्सी विंग 'पीपुल्स एंटी–फासिस्ट फ्रंट' (पीएएफएफ) के माध्यम से मदद मिलती है।

जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तान के आतंकी संगठनों की मदद से कई दूसरे समूह भी सक्रिय हैं। इनमें यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू कश्मीर (यूएलएफ जे एंड के), मुजाहिद्दीन गजवत–उल–हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ) और कश्मीर टाइगर्स आदि शामिल हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ के जरिए भारतीय सीमा में घुसे आतंकियों के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को अधिक जानकारी नहीं मिल पाती है। वजह, वे जंगलों में छिपे रहते हैं। लोकल संगठनों की मदद से सुरक्षा बलों की आवाजाही के इनपुट जुटाते हैं। एक अंतराल के बाद ही किसी हमले को अंजाम देते हैं। इसके पीछे भी एक वजह है। घाटी में अब लोकल स्तर पर नए आतंकियों की भर्ती में तेजी से कमी आ रही है। 2018 में 187 आतंकी, 2019 में 121, 2020 में 181, 2021 में 142 और 2022 में 91 आतंकी भर्ती हुए थे। इस साल वह संख्या, गिनती के आतंकियों तक सीमित है। जम्मू कश्मीर पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों ने नई भर्ती पर काफी हद तक नकेल कस दी है। इसके चलते पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन, छोटे हमलों पर फोकस नहीं कर रहे। जम्मू कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तान के आतंकियों का इस्तेमाल वे किसी बड़े हमले के दौरान ही करते हैं।

**अब हाइब्रिड आतंकी बन रहे बड़ा खतरा**

सुरक्षा बलों के एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि घाटी में अभी हाल–फिलहाल में कोई बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है। संभव है कि ये सभी विदेशी आतंकी कई वर्षों से घाटी में कहीं पर छिपे हों। सुरक्षा बलों की वहां तक पहुंच न हो सकी हो। मौजूदा समय में जितने भी आतंकी सक्रिय हैं, वे जंगलों में छिपे बैठे हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस, आईबी, आर्मी एवं अन्य एजेंसियां आतंकियों के ठिकाने तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

इन आतंकियों को घाटी में किसी न किसी तरह की मदद तो मिल ही रही है, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। सीमा पार के आतंकी संगठन, पाकिस्तानी आतंकियों को बचाना चाहते हैं। वे ज्यादा से ज्यादा हाइब्रिड आतंकी तैयार कर रहे हैं। हाइब्रिड आतंकियों की मदद से ही टारगेट किलिंग की वारदात को अंजाम दिया जाता है। ये आतंकी, पब्लिक के बीच ही अंडर ग्राउंड वर्कर बनकर काम करते हैं। इन पर पुलिस या आम जनता को शक नहीं होता, क्योंकि ये उनके बीच में ही रहते हैं।

## इजरायल का ब्रह्मास्त्र, हमास के खिलाफ तैनात किया सबसे खतरनाक हथियार ऑयरन बीम

**गाजा, येरूशलम, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 2670 हो गई है, जबकि 9600 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजरायल लगातार हमास पर राकेट्स और बड़े हथियारों से हमला कर रहा है। इसी बीच इजरायल ने बड़ा हथियार भी जंग में उतार दिया है। इजरायल ने पहली जंग में ऑयरन बीम हथियार को उतारा है। ऑरयन बीम हमास के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। इसने हमास के कई रॉकेट्स मार गिराए हैं। हालांकि इजरायल अभी ऑयरन बीम को जंग में उतारने के मूड में नहीं था, लेकिन आतंकी संगठन हमास के हमलों का करारा जवाब देने के लिए इजरायल ने ऑयरन बीम को मैदान में उतार दिया है।

उधर, मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल–कुद्रा ने कहा कि इजरायली हमले पूरी क्रूरता के साथ जारी हैं।

हमलों ने आवासीय पड़ोस को निशाना बनाया है और लोगों के घरों को नष्ट कर दिया है। उल्लेखनीय है कि गाजा पर शासन करने वाले फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने एक सप्ताह पहले गाजा पट्टी से सटे इजरायली शहरों पर अचानक हमले किये, जिसमें इजरायल में 1,300 से अधिक लोग मारे गए। इजरायल ने इसके जवाब में गाजा पर हमले शुरू कर दिए।

आयरन बीम हथियार लेजर पर आधारित है, जो लेजर के जरिए राकेट्स सहित अन्य हथियारों को निशाना बनाता है। यह किसी भी टारगेट को ढेर करने के लिए लेजर बीम का प्रयोग करता है। आयरन डोम की तरह ही इस डिफेंस सिस्टम को बनाने मे भी अमेरिका ने मदद की है। यह सबसे एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम है। इजरायल ने 20 साल पहले इसे हमास और अपने सभी दुश्मनों को दिमाग में रखकर तैयार करना शुरू किया था।



### इजरायल हमले जारी रखेगा तो संघर्ष बढ़ेगा: रायसी

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने चेतावनी दी है कि अगर इजरायल गाजा पट्टी पर हमले जारी रखेगा, तो संघर्ष और बढ़ेगा। श्री रायसी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत में कहा कि अगर ज़ायोनी शासन इन अपराधों (फिलिस्तीनियों के खिलाफ) को जारी रखकर अपनी हार की कीमत चुकाना चाहता है, तो युद्ध का विस्तार होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने अपनी ओर से गाजा पट्टी में संकट के बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और ईरान से क्षेत्र में स्थिति को नियंत्रित करने में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### पूर्व मिस वर्ल्ड प्रतियोगी शेरिका डी अरमास का 26 साल की उम्र में निधन, इस बीमारी से थीं पीड़ित

**उरुग्वे ,एजेंसी।** साल 2015 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में उरुग्वे का प्रतिनिधित्व करने वाली शेरिका डी अरमास का निधन हो गया है। वे सर्वाइकल कैंसर से लड़ रही थीं। शेरिका डी अरमास का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। डी अरमास का कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी उपचार किया जा रहा था। डी अरमास की मृत्यु से उरुग्वे और दुनिया भर में शोक की लहर दौड़ गई।

मिस यूनिवर्स उरुग्वे 2022 कार्ला रोमेरो ने शोक व्यक्त किया कि मैं अपने जीवन में अब तक जिन सबसे खूबसूरत महिलाओं में मिली शेरिका डी अरमास उसमें से एक थीं। मिस उरुग्वे 2021 लोस सेंटोस ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, मैं आपको हमेशा याद रखूंगी, न केवल उस समर्थन के लिए जो आपने मुझे दिया बल्कि आप मुझे आगे बढ़ते देखना चाहती थी। आप हमेशा साथ रहेगी।

26 वर्षीया शेरिका डी अरमास 2015 में चीन में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में शीर्ष 30 में नहीं थीं। हालांकि, वह प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धी करने वाली केवल छह 18–वर्षीय लड़कियों में से एक थीं। उस समय नेटउरुग्वे के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था मैं हमेशा एक मॉडल बनना चाहती थी, चाहे वह एक ब्यूटी मॉडल हो, एक विज्ञापन मॉडल हो या एक कैटवॉक मॉडल।

### कैश फॉर क्वेरी : अब राजीव चंद्रशेखर ने महुआ मोइत्रा पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** पैसा लेकर सदन में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने अब मार्च 2022 में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा लोक सभा में पूछे गए एक सवाल को एक्स (पहले ट्विटर) पर शेयर करते हुए कहा, मुझे न्यूज़ रिपोर्ट्स से पता चला है कि यह संसदीय प्रश्न संभवतः एक डेटा सेंटर कंपनी के इशारे पर एक सांसद द्वारा पूछा गया था।

चंद्रशेखर ने मोइत्रा पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए आगे कहा, अगर यह सच है तो यह वाकई चौंकाने वाला और शर्मनाक है। यह सच है कि यह कंपनी डेटा स्थानीयकरण के लिए सक्रिय और आक्रामक तरीके से पैरवी कर रही थी। संसद में पूछे गए सवाल में इस्तेमाल की गई भाषा (डेटा स्थानीयकरण की आवश्यकता को डेटा उल्लंघनों से जोड़ना), उस भाषा से बहुत मिलती–जुलती है, जिसका इस्तेमाल उस कंपनी के प्रमुख ने मुझसे मुलाकात के दौरान किया था।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, मुझे इस बारे में पूरे तथ्य या पृष्ठभूमि की जानकारी नहीं है। लेकिन, अगर यह सच है तो यह एक भयानक उपहास और पीक्यू (संसद में प्रश्न पूछने) का दुरुपयोग है।

### डेमू ट्रेन के पांच डिब्बों में आग लगी, समय रहते यात्रियों ने उतरकर बचाई जान

**मुंबई ,(एजेंसी)।** महाराष्ट्र में सोमवार को एक डेमू ट्रेन के पांच डिब्बों में आग लग गई। रेलवे के आधिकारिक के मुताबिक, सभी यात्री सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि अहमदनगर और नारायणपुर स्टेशनों के बीच चलने वाली डेमू ट्रेन में आग लगी है। सेंट्रल रेलवे के पीआरओ ने बताया कि सभी यात्रियों को समय रहते बचा लिया गया और ट्रेन में लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, आग लगने की सूचना तब मिली जब डेमू स्पेशल ट्रेन वालुंज स्टेशन के पास पहुंची थी। आग लगने पर सभी यात्री ट्रेन से उतर गए थे। सीपीआरओ मध्य रेलवे के मुताबिक, जलते डिब्बों के अंदर कोई भी व्यक्ति नहीं फंसा।

## सुप्रीम कोर्ट ने 26 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की मांग वाली याचिका को किया खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय की गर्भावस्था समाप्त करने की उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल पूर्ण न्याय के लिए किया जा सकता है, लेकिन इसका इस्तेमाल हर मामले में नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नयी दिल्ली से कहा कि वह महिला को गर्भावस्था पूरी होने तक जारी रखने के लिए सभी चिकित्सा सहायता और सहायता



प्रदान करे।शीर्ष अदालत ने अविकसित बच्चे को समय से पहले जन्म देने के विकल्प की गुहार भी खारिज कर दी और कहा कि यदि माता–पिता चाहें तो सरकार जन्म के बाद बच्चे की देखभाल कर सकती है।

पीठ ने 13 अक्टूबर को उस महिला की शारीरिक और चिकित्सीय स्थितियों का नए सिरे से मूल्यांकन करने का निर्देश दिया था, जिसने अपनी मानसिक बीमारियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को महिला से गर्भावस्था समाप्त करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था, क्योंकि उसका भ्रूण अब एक अजन्मा बच्चा है और वह उसे मार नहीं सकती।

पीठ ने डॉक्टरों के लिए गंभीर नैतिक दुविधा पर भी विचार किया था, क्योंकि गर्भावस्था को समाप्त करना भ्रूण हत्या के समान होगा।

पीठ ने पूछा था, "महिला की स्वायत्तता सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन अजन्मे बच्चे का क्या, कोई भी उसके लिए पेश नहीं हो रहा है। आप अजन्मे बच्चे के अधिकारों को कैसे संतुलित करते हैं।" शीर्ष अदालत की दो महिला न्यायाधीश बुधवार को इस बात पर असहमत व्यक्त की थीं कि उस महिला की 26 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दी जाए या नहीं, जिसे पहले अदालत ने गर्भपात की अनुमति दी थी।

### करीब एक लाख पशुपालकों को भी अपना दूध बेचने के लिए नया मार्केट उपलब्ध होगा : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर / कुशीनगर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गीडा में लगे ज्ञान डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। इस प्लांट में हर दिन पांच लाख लीटर दूध की खपत होगी। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि गीडा में प्लांट लगने से लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही क्षेत्र का भी विकास होगा।

गोरखपुर–बस्ती मंडल के करीब एक लाख पशुपालकों को भी अपना दूध बेचने के लिए नया मार्केट उपलब्ध होगा। भीटी रावत के पास ज्ञान डेयरी का प्लांट लगा है। इस प्लांट में दूध व दूध से बने अन्य प्रोडक्ट बनेंगे। सीएम योगी ने कहा कि गीडा में दूध का प्लांट लगने से एक लाख परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

## भाजपा के लोग देवरिया घटना के बाद राजनीतिक लाभ लेना चाहते है : अखिलेश

**देवरिया / कुशीनगर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र के फतेहपुर लेहड़ा गांव में दो अक्टूबर को जमीनी विवाद में एक परिवार के पांच तथा एक अन्य व्यक्ति हत्या के बाद सोमवार को यहाँ फतेहपुर गाँव पहुंचे समाजवादी पार्टी(सपा) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी(पार्टी) भाजपा के कुछ लोग इस घटना के बाद राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं।

श्री यादव आज सबसे पहले फतेहपुर लेहड़ा गये। जहाँ दो अक्टूबर को सत्य प्रकाश दुबे सहित उनके परिवार के पांच सदस्यों का नरसंहार कर दिया गया था। लेकिन वहाँ स्व.सत्य प्रकाश दुबे के परिवार का कोई सदस्य गाँव पर नहीं मिले। उसके बाद अखिलेश यादव घटना में मृत प्रेम यादव के घर जाकर उनके परिजनों से करीब आधा घंटा तक मिले।

प्रेम यादव के घर पर मीडिया से मुखातिब श्री यादव ने कहा कि जिस तरह से ये घटना हुई है। हम सभी मिलकर उस घटना की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दर्दनाक घटना उ.प्र. में देखते को नहीं मिली। इधर ऐसी घटनाएं नहीं हुई हैं। यह घटना शासन, प्रशासन और न्याय के लिए विशेष इस लिए विशेष इस लिए महत्वपूर्ण बनती है कि सरकार जीरो टारेन्स की बात करती थी। इस घटना में पहली घटना कैसे हुई। उसकी सच्चाई अभीतक सामने नहीं आ सकी हो।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवरिया को भी अपना गृह जनपद कहते हैं।देवरिया में इतनी बड़ी घटना के मुख्यमंत्री जी के जीरो टारेन्स का दावा की पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री जी योगी हैं और योगी का का दाइत्व होता है कि वे सबके दुख दर्द को समझे। लेकिन देवरिया के इस दर्दनाक घटना के बाद इस तरह का भेदभाव फैलाया जायेगा और उसका राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जायेगा। यह जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर से घर से गिराने की बात कहकर डराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सवाल सरकार की नियत का है, मदद दोनों पक्षों की जाए। बुलडोजर जनता चलाने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि घटना के बाद देवरिया के जिला मजिस्ट्रेट का बयान सुना था। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट कहा था कि रिटेलिएशन में घटना हुई।

### हाईकोर्ट ने पूछा, स्कूल के प्रधानाध्यापक क्यों उठा रहे हैं दोपहर के भोजन का बोझ?

**कोच्चि ,(एजेंसी)।** केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि यदि सरकारी स्कूलों में दोपहर का भोजन कार्यक्रम केंद्र और राज्य के बीच एक सहयोग है, तो स्कूल के प्रधानाध्यापक इसका बोझ क्यों उठा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी शिक्षकों के एक अग्रणी संगठन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसने इस मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार बड़े पैमाने पर नकदी संकट से जूझ रही है।

## आत्महत्या करने वालों को नहीं दिया जाता गार्ड ऑफ ऑनर', अग्निवीर अमृतपाल सिंह की मौत पर आर्मी ने दी सफाई

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारतीय सेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अग्निवीर अमृतपाल सिंह की 11 अक्टूबर को पुंछ सेक्टर में संतरी ड्यूटी के दौरान आत्महत्या से मौत हो गई और ऐसे मामलों में सैन्य अंत्येष्टि का अधिकार नहीं है। यह बयान अग्निवीर भर्ती को गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिए जाने पर एक बड़े राजनीतिक विवाद के बाद आया है।

इसमें कहा गया है कि हर साल लगभग 100 से 140 सैनिक आत्महत्या या खुद को लगी चोटों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, ऐसे मामलों में सैन्य अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी जाती है। बयान में कहा गया है, आत्महत्या/खुद को लगी चोट के कारण होने वाली मौत की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में सशस्त्र बलों द्वारा परिवार के साथ गहरी और स्थायी सहानुभूति के साथ–साथ उचित सम्मान दिया जाता है। लेकिन ऐसे मामले सैन्य अंत्येष्टि के हकदार नहीं हैं। 1967 के मौजूदा सेना आदेश के अनुसार इस विषय पर नीति का बिना किसी भेदभाव के लगातार पालन किया जा रहा है।

आंकड़ों के अनुसार, 2001 के बाद से औसतन हर साल 100–140 सैनिकों के मौतें आत्महत्या/खुद को लगी चोटों के कारण हुईं, और ऐसे मामलों में सैन्य अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं है। पात्रता के अनुसार वित्तीय सहायता/राहत के वितरण को उचित प्राथमिकता दी जाती है, इसमें अंत्येष्टि के संचालन के लिए तत्काल वित्तीय राहत भी शामिल है। अग्निवीर अमृतपाल सिंह की मृत्यु दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि उनकी मौत से जुड़े तथ्यों को लेकर कुछ गलतफहमी और गलत बयानी हुई है। जारी बयान में कहा गया है कि नुकसान की ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं परिवार और बलों पर भारी पड़ती हैं। ऐसे समय में, दुख की घड़ी में उनके साथ सहानुभूति रखते हुए परिवार के सम्मान, गोपनीयता और प्रतिष्ठा को बनाए रखना समाज के लिए महत्वपूर्ण और अनिवार्य है। सशस्त्र बल अग्निपथ योजना के कार्यान्वयन से पहले या बाद में शामिल हुए सैनिकों के बीच हकदार लाभ और प्रोटोकॉल के संबंध में अंतर नहीं करते हैं। यह परिवार और भारतीय सेना के लिए एक गंभीर क्षति है कि अग्निवीर अमृतपाल सिंह ने संतरी ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।मौजूदा प्रथा के अनुरूप, चिकित्सीय–कानूनी प्रक्रियाओं के संचालन के बाद, पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए एक एस्कॉर्ट पार्टी के साथ सेना की व्यवस्था के तहत मूल स्थान पर ले जाया गया। सेना ने कहा, भारतीय सेना अपने स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए समाज के सभी वर्गों से सहयोग का अनुरोध करती है।

### दलाई लामा ने न्यूजीलैंड के नवनिर्वाचित पीएम को दी बधाई

**धर्मशाला ,(एजेंसी)।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने न्यूजीलैंड के निर्वाचित प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन को पत्र लिखकर राष्ट्रीय चुनावों में उनकी पार्टी की जीत पर बधाई दी। उन्होंने लिखा, आज, दुनिया बहुत कठिन समय से गुजर रही है, भले ही दुनिया भर में मानवता की परस्पर निर्भरता और एकता की भावना बढ़ रही है। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि सामूहिक प्रयासों से चीजें बेहतर होंगी। आपके देश में वैश्विक सुरक्षा और शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है।

### दिल्ली आबकारी नीति मामले में आप को आरोपी बना सकता है ईडी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई फिर से शुरू की। इस दौरान शीर्ष अदालत को बताया गया कि ईडी इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने पर विचार कर रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ के समक्ष अपनी बात रखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए एएसजी एस.वी. राजू ने कहा कि उन्हें यह कहने का निर्देश दिया गया है कि ईडी आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चल रही जांच में आप को आरोपी बनाने पर विचार कर रहा है।

## छत्तीसगढ़, राजस्थान की तरह तेलंगाना और मध्य प्रदेश को भी भ्रष्टाचार का एटीएम बनाना चाहती है कांग्रेस : नड्डा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तरह तेलंगाना और मध्य प्रदेश को भी अपने भ्रष्टाचार का एटीएम बना कर जनता की गाढ़ी कमाई को लूटना चाहती है।

नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को वादे करने की कला में महारत हासिल है लेकिन यह पार्टी सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार की ही गारंटी दे सकती है।

कर्नाटक के बेंगलुरु में आईटी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की खबर की तस्वीर को शेयर करते हुए जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस पार्टी को वादे करने की कला में महारत हासिल है और अब यह पार्टी एक कदम आगे बढ़कर वादों के बदले में गारंटी देने लगी है। कर्नाटक में कतिपय ठेकेदारों के घरों से हाल ही में 100 करोड़ से अधिक की नकदी मिलने का खुलासा हुआ है जो बेहद शर्मनाक व मतदाता के साथ घिनौना मजाक है। हालांकि, यह कांग्रेस के भ्रष्टाचारी डीएनए का महज एक छोटा सा नमूना है। सत्ता में आने के साथ ही कांग्रेस का भ्रष्टाचार कर्नाटक में सुरसा के मुख की तरह फैल चुका है। कांग्रेस समर्थित यही ठेकेदार कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा के खिलाफ झूठ परोसने में सक्रिय थे।

नड्डा ने आगे कहा, यह कर्नाटक का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार ने इसे मनीलांड्रिंग, करप्शन और आगामी चुनावों के लिए पैसे जुटाने का एटीएम बना दिया है। जाहिर है कि कांग्रेस जो गारंटी दे सकती है वह हमेशा भ्रष्टाचार की गारंटी है।भाजपा अध्यक्ष ने तेलंगाना और मध्य प्रदेश में जोर–शोर से सत्ता की दावेदारी कर रही कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते हुए आगे कहा, कांग्रेस और करप्शन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस सरकारों ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान को भी करप्शन का एटीएम बना दिया है।

# इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टीम के परफॉर्मेंस से खुश हैं अफगानिस्तान कोच जोनाथन ट्रॉट



नई दिल्ली , आठ साल पहले अफगानिस्तान ने एक इतिहास बनाया था जब उन्होंने न्यूजीलैंड के डुनेडिन में 2015 में अपने पहले वनडे विश्व कप में स्कॉटलैंड को एक विकेट से हरा दिया था।

भारत की मेजबानी में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप में 15 अक्टूबर, 2023 को अफगानिस्तान ने एक बड़ी जीत हासिल की। यह जीत इसलिए भी यादगार है क्योंकि इस टीम ने गत चैंपियन इंग्लैंड को एकतरफा मुकाबले में 69 रन से हराया है। दिल्ली में खेले गए इस मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम इंग्लिश टीम पर पूरी तरह से हावी दिखी। इस यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने अपनी टीम के इंग्लैंड को हराने को अफगानिस्तान की वनडे विश्व कप यात्रा के मुख्य आकर्षणों में से एक बताया, जो इस महत्वपूर्ण क्षण के साथ-साथ महत्व रखता है।कोच ने कहा, 50 ओवर की प्रतियोगिता में, यह मुख्य आकर्षणों में से एक हो सकता है। मुझे लगता है कि उन्होंने विश्व कप का एकमात्र अन्य मैच 2015 में स्कॉटलैंड के खिलाफ डुनेडिन में जीता था। तो, यह महत्वपूर्ण है, निश्चित रूप से खेल और मार्जिन से भी। जिस तरह से उन्होंने खेला वो शानदार था। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और अच्छी फील्डिंग सब कुछ शानदार था।तो, मुझे लगता है कि यह बहुत खास है और उम्मीद है कि बड़े देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते समय इससे बहुत आत्मविश्वास आएगा और इसका अन्य सभी मैचों पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन न केवल इस विश्व कप में बल्कि भविष्य के लिए भी। उम्मीद है कि यह एक तरह की किक-स्टार्ट होगी जिससे टूर्नामेंट में टीम को मदद मिलेगी।

## मैं चाहता हूं कि रिंकू सिंह टी20 विश्व कप 2024 टीम का हिस्सा बनें:आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाज रिंकू सिंह को टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम इंडिया में शामिल करने की बात कही है। आईपीएल 2023 के दौरान गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज यश दयाल के एक ओवर में पांच छक्के लगाने के बाद रिंकू सुर्खियों में आ गए। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 14 मैचों में 474 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था। कई सीजन् तक घरेलू क्रिकेट और आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, रिंकू को अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में पहली बार टीम इंडिया में बुलाया गया। बाद में उन्हें एशियाई खेलों के लिए टीम में नामित किया गया। चोपड़ा ने पांच खिलाडियों को चुना जिनके प्रदर्शन पर वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान बारीकी से नज़र रखेंगे और रिंकू का नाम सूची में शीर्ष पर था। चोपड़ा ने कहा, हर किसी ने रिंकू सिंह को खेलते हुए देखा है और सब जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं।

# यूरो 2024 क्वालीफायर में पोलैंड और मोल्दोवा के बीच मैच ड्रॉ



वारसॉ , यूईएफए यूरो 2024 क्वालीफायर में पोलैंड और मोल्दोवा के बीच मैच ड्रॉ रहा, जिससे टूर्नामेंट में आगे बढऩे की उनकी संभावनाएं बरकरार हैं।

पोलैंड को प्रबल दावेदार के रूप में देखे जाने के बावजूद सेर्गेई क्लेसेन्को द्वारा प्रशिक्षित मेहमान टीम ने अपने साहस और आक्रमण शैली से सबको प्रभावित किया और 25वें मिनट में गोल दागा।

फिर, मोल्दोवा ने अपना ध्यान अपनी बढ़त की रक्षा पर केंद्रित कर दिया, जबकि पोलैंड को मौके बनाने में समस्या हुई।

पोलैंड ने ब्रेक के बाद बराबरी हासिल करने के लिए गति बढ़ा दी और 53वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया।

फिर, कई प्रयासों और अटैक के बाद भी पोलैंड बढ़त हासिल करने में कामयाब नहीं रहा। ऐसा ही कुछ हाल मोल्दोवा का भी रहा।

हालांकि मैच के अंतिम क्षणों में पोलैंड को दूसरा गोल मिल सकता था, लेकिन उनके प्रयास को गोलकीपर डोरियन रेलियन ने विफल कर दिया।

अल्बानिया 13 अंकों के साथ ग्रुप ई में शीर्ष पर है। उसके बाद चेक गणराज्य 11 अंकों के साथ है। पोलैंड 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि मोल्दोवा एक अंक कम के साथ चौथे स्थान पर है। अगले राउंड में मोल्दोवा अल्बानिया की मेजबानी करेगा, जबकि पोलैंड चेक गणराज्य के खिलाफ खेलेगा।

# 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी से खुश है आईसीसी



नई दिल्ली,अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि वह लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेलों के कार्यक्रम में क्रिकेट का हिस्सा बनने से काफी खुश है।

पिछले सप्ताह लॉस एंजिल्स की सिफारिश के बाद सोमवार को मुंबई में 141वें आईओसी सत्र में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक रूप से पुष्टि की गई।

आईसीसी द्वारा जारी एक बयान में भारत की पूर्व कप्तान और सर्वकालिक अग्रणी महिला रन स्कोरर मिताली राज ने कहा, यह बहुत रोमांचक है कि क्रिकेट अब एक ओलंपिक खेल है और लॉस एंजिल्समें इसकी वापसी होगी।

खिलाडियों को ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने और उन खेलों का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा जो बहुत खास होंगे। यह दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए हमारे शानदार खेल का आनंद लेने का एक और मौका है। बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश के साथ मुंबई में आईओसी द्वारा लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल करने के लिए अनुमोदित छह खेलों में से एक क्रिकेट था। 1900 के पेरिस ओलंपिक के बाद यह पहली बार होगा जब क्रिकेट ओलंपिक में शामिल होगा।

आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा, मैं अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और लॉस एंजिल्सको उनके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इस मंच के जरिए हम क्रिकेट को और शानदार खेल बनाने की पूरी कोशिश करेंगे।

## विश्व कप क्वालीफायर : ब्राजील के कैसेमिरो का उरुग्वे के खिलाफ खेलने पर सस्पेंस

रियो डी जनेरियो, मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कैसेमिरो टखने में मोच के कारण मंगलवार को उरुग्वे के खिलाफ ब्राजील के फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।

31 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले गुरुवार को वेनेजुएला के साथ ब्राजील के 1-1 से ड्रा के दौरान चोट लगी थी और कुइआबा में खेल के 79वें मिनट में उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था।रिपोर्ट के अनुसार, वह तब से सामान्य रूप से प्रशिक्षण लेने में असमर्थ हैं, जिससे मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता पर संदेह पैदा हो गया है। यदि कैसेमिरो समय पर ठीक होने में विफल रहते हैं, तो फ्लूमिनेंसे मिडफील्डर आंद्रे या फ्लेमेंगो के गेर्सन को मंगलवार को शुरुआती बर्थ सौंपी जा सकती है।

# इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात: राशिद खान



नई दिल्ली,अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच जीतना टीम के लिए बहुत बड़ी बात है और उम्मीद है कि इस परिणाम से उनके समर्थक भी खुश होंगे।

रविवार के मैच की बात करें तो, अफगानिस्तान ने अपने वनडे विश्व कप इतिहास में सिर्फ एक बार 2015 में जीत हासिल की थी।

लेकिन, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में यह आंकड़ा दो में बदल गया क्योंकि अफगानिस्तान ने गत चैंपियन इंग्लैंड पर 69 रनों की जीत दर्ज की।

मैच में गुरबाज़ और इकराम ने महत्वपूर्ण अर्धशतक बनाए। वहीं, राशिद ने 23 गेंदों में 22 रन की पारी खेलकर अफगानिस्तान को 49.5 ओवर में 284 रन तक पहुंचाया।

फिर, राशिद ने मुजीब उर रहमान के साथ तीन-तीन विकेट लिए और इंग्लैंड को 215 रन पर समेट दिया।

राशिद ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह जीत हमारे लिए एक बड़ा जश्न है। अफगानिस्तान में उस तरह की स्थिति नहीं है, जहां लोग जश्न मना सकें। मुझे लगता है कि क्रिकेट ही एकमात्र स्रोत है जो उन्हें बहुत सारी खुशियां देता है। हमने बहुत सारे गेम हारे हैं लेकिन फिर भी हमें उनसे जिस तरह का समर्थन मिला वो शानदार है।

इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात थी, घर पर हमारे फैंस को हम पर गर्व होगा। हाल ही में, हमारे घर अफगानिस्तान में हेरात में भूकंप आया था, जिसमें बहुत से लोगों की जान चली गई थी। कई लोगों के घर बर्बाद हो गए। इस जीत से उनके चेहरे पर थोड़ी मुस्कान आएगी और वे उन कठिन दिनों को थोड़ा भूल सकते हैं।

# फिल्मी दुनियां

# वेब सीरीज आर्या 3 का ट्रेलर जारी, जबरदस्त एक्शन करती दिखीं सुष्मिता सेन



सुष्मिता सेन की अवेटेड सीरिज आर्या 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फैंस को इसमें एक्ट्रेस का शेरनी अवतार देखने को मिला है.

सुष्मिता सेन शेरनी के रूप में वापस आ गई हैं, राम माधवानी के क्राइम ड्रामा आर्या सीजन 3 के ट्रेलर में देखा जा सकता है, वह अपने तीन बच्चों को गैंगस्टरों की दुनिया से बचाते हुए क्रूरता से काम करती है.

इस बार, वह खुद एक गैंगस्टर बन गई है, और नए-पुराने दुश्मनों से धमकियां ले रही है. ऐसा लग रहा है कि आर्या ने अपना घर-बार छोड़ दिया है और अब एक किले में रह रही हैं. अफ़ीम तस्करी का कारोबार उसे अपने परिवार से विरासत में मिला है. ट्रेलर की शुरुआत में, हम उसे एक अफ़ीम फार्म के ज़मीन मालिक से ज़बरदस्ती कागजात पर हस्ताक्षर करवाते हुए देखते हैं. कैसे? वह अपने आदमियों से उसका अंगूठा कटवाती है ताकि वह उसके खून को स्याही के रूप में इस्तेमाल कर सके. ट्रेलर में सुष्मिता सेन एक दम बेखौफ अंदाज में दिखी हैं.इनमें उसके मृत पिता उदयवीर का दामाद सूरज (इंद्रनील सेनगुप्ता) शामिल है, जो उदयवीर की मौत का बदला लेने के लिए भारत वापस आया है. इला अरुण द्वारा निभाया गया एक अन्य किरदार भी है, जो आर्या के बिजनेस विस्तार को विफल करने का वादा करता है. इनके अलावा, एसीपी खान और रूसियों का नियमित समूह है, जो संभवतः उनके सौदे का उल्लंघन करने के बाद उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं. लेकिन आर्या पीछे हटने वाली महिला नहीं है. वह एक किले की चोटी पर, घायल अवस्था में, लोगों की छाती को तलवार से काटते हुए और तीव्र युद्ध घोष करते हुए देखी गई है. यह वही जगह है जब आर्या को गोली लगती है और वह फर्श पर गिर जाती है. यह शो, जिसमें माया सराओ और गीतांजलि कुलकर्णी भी हैं,

राम माधवानी द्वारा निर्मित, निर्मित और निर्देशित है. सीजन् 3 3 नवंबर को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज़ होगा.

## जंपसूट पहन अमायरा दस्तूर ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन किसी ना किसी वजह से सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर से निगाहें नहीं हटा पाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर लोगों को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर अपनी एक्टिंग से ज्यादा फेमस अपने लुक्स के कराण हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हालांकि वो अपनी हर एक बोल्ड और हॉट फोटोज से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। अमायरा दस्तूर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहन इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने रिवीलिंग जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को अच्छे से निखारा है। कानों में इयररिंग्स, चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और सिजलिंग लुक्स देकर एक्ट्रेस अपने इस अवतार में चार चांद लगा रही हैं।

# अमायरा दस्तूर ने नई पंजाबी फिल्म ऐनी हाओ मिट्टी पाओ से की पॉलीवुड में एंट्री



अभिनेत्री अमायरा दस्तूर पेशेवर मोर्चे पर बुलंदियों पर हैं, हाल ही में उनकी वेब सीरीज बॉम्बे मेरी जान के साथ-साथ पंजाबी फिल्म ऐनी हाओ मिट्टी पाओ को काफी सराहना मिली है।

अपनी पहली पंजाबी फिल्म ऐनी हाओ मिट्टी पाओ की रिलीज़ के साथ, अभिनेत्री को प्रशंसकों के साथ-साथ दोस्तों से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। दर्शक कह रहे हैं कि अमायरा इस फिल्म में बिल्कुल पंजाबी लडक़ी लग रही हैं।उनके अभिनय और जिस तरह से उन्होंने फिल्म में खुद को पेश किया है, उसकी सराहना करते हुए प्रशंसकों ने अमायरा का पंजाबी फिल्मों में खुले दिल से स्वागत किया है। ऐनी हाओ मिट्टी पाओ तक, हमने अमायरा का पंजाबी अवतार देखा था, जबकि उन्होंने जोगी में दिलजीत दोसांझ के साथ अभिनय किया था। ऐनी हाओ मिट्टी पाओ को हंसी की सवारी के रूप में देखा जा रहा है और दर्शकों से इसे मिल रही अद्भुत प्रतिक्रिया इंडस्ट्री में अमायरा की मजबूत पकड़ स्थापित कर रही है।ऐसा कहने के बाद, अमायरा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में एक ताकत बनने जा रही है। ऐनी हाओ मिट्टी पाओ के बाद उनकी दो और पंजाबी फिल्में कतार में हैं, चिडिय़ाँ दा चंबा 13 अक्टूबर को रिलीज हुई, और फुर्तीला नामक एक और फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में आएगी।

# रिया कपूर ने वीरे दी वेडिंग के सीक्वल पर लगाई मुहर, जल्द शुरू होगी शूटिंग



2018 में आई फिल्म वीरे दी वेडिंग को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया था। इसमें करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया नजर आई थीं।दर्शक पिछले काफी वक्त से वीरे दी वेडिंग के सीक्वल की मांग कर रहे हैं।अब आखिरकार रिया कपूर ने वीरे दी वेडिगं के दूसरे भाग पर मुहर लगा दी है।उन्होंने बताया कि फिल्म की दूसरी किस्त पर काम शुरू हो चुका है। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है।

रिया ने कहा, हां, वीरे दी वेडिंग बन रही है। फिलहाल, फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। वीरे दी वेडिंग की दूसरी किस्त की कहानी बहुत अलग होगी। मुझे पता है कि यह थोड़ा मुश्किल है क्योंकि यह फिल्म मेरे लिए सब कुछ है।उन्होंने आगे कहा, मैं वीरे दी वेडिंग की कहानी से बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण फिल्म है और मैं इससे बहुत जुड़ी हुई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अगले साल तक निर्माता वीरे दी वेडिंग 2 की शूटिंग शुरू कर देंगे।

# डंकी और सालार के बीच अब नहीं होगा मुकाबला, शाहरुख ने पीछे खींचे कदम ?



जब से प्रभास अभिनीत फिल्म सालार के 22 दिसंबर यानी क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में आने की घोषणा हुई है, यह लगातार चर्चा में बनी हुई है, क्योंकि इसी दिन शाहरुख खान की फिल्म डंकी भी सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है।अब जो खबर आ रही है, उससे न सिर्फ शाहरुख, बल्कि प्रभास के प्रशंसक भी खुशी से झूम उठेंगे।दरअसल, इन दोनों फिल्मों के बीच अब टकराव टलने की खबरें जोर पकड़ रही हैं। दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने एक्स पर लिखा, डंकी और सालार के बीच टकराव टल सकता है। डंकी को आगे बढ़ाए जाने की खबरें हैं। लिहाजा दोनों फिल्में अलग-अलग दिन रिलीज होंगी।

उधर सूत्रों ने भी इस खबर की पुष्टि करते हुए लिखा, पोस्ट प्रोडक्शन से जुड़ा काम बचा होने के कारण डंकी की रिलीज टल सकती है। इसे लेकर निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। सोशल मीडिया पर डंकी ट्रेंड में है। ज्यादातर प्रशंसक इस पर खुशी जाहिर कर रहे हैं, वहीं कुछ को विश्वास नहीं हो रहा है कि डंकी के पोस्ट प्रोडक्शन की वजह से फिल्मों के बीच टकराव टल रहा है। एक ने लिखा, शाहरुख 2 ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद सालार से डरने वाले नहीं हैं। एक ने शाहरुख का वो ट्वीट याद दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा था, डंकी फिक्स ही है। अब क्या माथे पर गुदवा लूं। ज्यादातर फिल्म विशेषज्ञों की मानें तो इस टकराव से दोनों फिल्में बुरी तरह प्रभावित होंगी।ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, सालार-डंकी के साथ आने से दोनों फिल्मों को अच्छा-खासा नुकसान होगा। उनके मुताबिक, फिल्मों के प्रोडक्शन हाउस को इस पर सोचना चाहिए।सोशल मीडिया पर शाहरुख और प्रभास के प्रशंसक भी आपस में भिड़ गए हैं।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com